# गवाह को अगवा कर हथौड़े से कूंचा, शव नहर में फेंका

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर किया हंगामा, इटावा में गिरफ्तार हुआ एक आरोपी, तीन साल पुरानी खुन्नस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विमल कुमार गौतम।

**अमृत विचार**। सेन पश्चिम पारा में एक मुकदमे के गवाह को घर के पास से कार में अगवाकर हथौड़े व लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शव को पनकी नहर (डाडेपुरवा नहर) में फेंककर आरोपी भाग निकले। मुकदमे की अंतिम गवाही 12 जुलाई को थी। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात को देखकर पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा, तब उसकी निशानदेही पर शव बरामद हुआ। आक्रोशित परिजनों ने थाने का घेराव कर हंगामा किया। सूचना पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे और गिरफ्तारी का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

बिनगवां निवासी 55 वर्षीय विमल कुमार गौतम गांव के ही खागल पासवान का ट्रैक्टर चलाते थे। बुधवार देर शाम वह घर के समीप ही रहने वाले भाई संजय के यहां गए थे। रात करीब नौ बजे वह वहां से निकले और अपने घर की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में खड़ी एसयूवी से चार-पांच युवक उतरे और विमल को पीटकर कार में डाल लिया। इसके बाद गांव में हल्ला मच गया। घटना की जानकारी होने पर विमल के परिजनों ने तलाश शुरू की। इसी बीच सीसीटीवी फुटेज में वारदात कैद देखकर पुलिस को सूचना दी।



सेन पश्चिम पारा थाने का घेराव किए ग्रामीण। अमृत विचार

- **सेन पारा थाने के बिनगवां गांव की वारदात**

विमल के बेटे शिवम का आरोप है कि पहले पुलिस ने टकरा दिया। फुटेज के बारे में बताने पर पुलिस हरकत में आई और दूसरे दिन एक आरोपी इरफान को इटावा से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में उसने अपहरण, पीटकर हत्या करने व पनकी नहर में शव फेंकने की बात कबूली। इस पर शुक्रवार सुबह पुलिस ने नहर से शव बरामद किया। वहीं आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर हंगामा किया। इसकी खबर पाकर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीमें लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।



गांव के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ आरोपी इरफान।

### इरफान ने पुलिस को दी जानकारी

इटावा में गुरुवार रात पुलिस के हत्थे चढ़े इरफान ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर विमल को अगवा किया। कार में उसे पीटने के बाद मुंह पर अंगोछा बांधकर हथौड़े से सिर और चेहरा कूंचा, गला कसा। फिर लाठियों से पीटने पर जब वह बेदम हो गया तो मरा समझकर पनकी नहर में फेंक दिया। शुक्रवार सुबह जब विमल का शव बरामद हुआ तो परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद ही ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया।

### गांव के युवकों से करवाई थी रेकी

- विमल के बड़े बेटा दिव्यांशु और खागल ने बताया कि गांव से जाने के बाद इरफान कभी नहीं आया। इधर पांच-छह पहले वह गांव के युवकों के संपर्क में आया। उन्हीं युवकों से उसने पिता के आने-जाने के बारे में रेकी कराई। बुधवार को पुख्ता रेकी पर कार का शीशा बंद कर गांव में दाखिल हुआ और पिता के रास्ते में कार खड़ी की। पिता ने बचने के लिए हाथापाई की तो युवकों ने उन्हें पीटते हुए खींचकर कार में डाला है। यह गांव के लोगों ने देखा है। सीसीटीवी फुटेज में भी इरफान कैद हुआ है। आरोप है कि पिता की हत्या में गांव के कई युवक भी शामिल हैं।

### 12 को थी अंतिम गवाही

शिवम के अनुसार खागल से मारपीट के जिस मामले में पिता गवाह थे, उसमें अंतिम सुनवाई आगामी 12 जुलाई को ही थी। पिता को भी गवाही के लिए पहुंचना था। शिवम ने बताया कि जाकिर का पक्ष कमजोर था, उसे सजा हो सकती थी। इसलिए अंतिम सुनवाई से पहले गवाह के रूप में पिता को ही रास्ते से हटा दिया।

### हेड इंजरी से हुई मौत, चोट के 15-17 निशान

विमल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 15-17 चोटों की जिक्र किया गया है। मौत सिर पर भारी प्रहार (हेड इंजरी) से हुई है। मौत होने के बाद गले में अंगौछा कसकर नहर में शव फेंका गया है। जिससे बचने की संभावना न रहे। दो दिन में शव काफी गल चुका था, जिससे कई चोटें सामने नहीं आईं।

### हत्या के पीछे क्या है रंजिश

विमल कुमार के परिवार में पत्नी बिटऊ, तीन बेटे दिव्यांशु, शिवम, गोलू व बेटी नैना है। शिवम के अनुसार आरोपी जाकिर शटरिंग का काम करता है और पहले उनके घर के पास ही रहता था। उसका पिता से 5-6 हजार रुपये का लेनदेन था। इसी बात को लेकर करीब तीन साल पहले विवाद हुआ। मौके पर मौजूद खागल पासवान ने जाकिर से नाराजगी जताते हुए हिसाब चुकता करने की बात कही तो जाकिर ने उनके सिर पर बल्ली मार दी। इससे खागल का सिर फट गया और उसने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पिता विमल गवाह थे। मौजूदा समय में रमईपुर में रहने वाला जाकिर पैसों का लेनदेन व पिता के गवाह बनने पर रंजिश मानने लगा था। उसी खुन्नस में जाकिर का बेटा इरफान, इमरान अपने 5-6 साथियों के साथ आया और पिता को अगवा कर हत्या कर दी।

> एक आरोपी इरफान की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं, जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पूछताछ में आरोपी ने गवाही के कारण हत्या की बात बताई है।
>
> -दीपेंद्र नाथ चौधरी, डीसीपी साउथ



मकसूदाबाद गांव में निरीक्षण के दौरान मौजूद चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल। अमृत विचार

# जहां से शुरू हुआ संचारी अभियान, वहीं गंदगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अभियान के तहत अपर निदेशक व एसीएमओ ने किया निरीक्षण**

**अमृत विचार**। बारिश के मौसम में जगह-जगह हो रहे जलभराव और गंदगी की वजह से संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए एक जुलाई को कल्याणपुर ब्लाक के मकसूदाबाद में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरुआत की थी। उसी मकसूदाबाद में शुक्रवार को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक व एसीएमओ ने निरीक्षण किया तो सफाई में कमी मिली।

अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल, एसीएमओ डॉ.आरपी मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह व रीजनल कोऑर्डिनेटर पाथ डॉ.शिवकांत शुक्रवार को मकसूदाबाद गांव पहुंचे। अपर निदेशक ने टीम के साथ गांव में किए जा रहे छिड़काव कार्यों, साफ-सफाई की गतिविधियों और जन जागरूकता के कार्यों का निरीक्षण किया। अभियान का संचालन होने के बाद गांव में क्या-क्या गतिविधियां हुई, इसके संबंध में उन्होंने मौजूद अधिकारियों से पूछताछ की। गांव में साफ-सफाई की कमी देखने को मिली। तालाब और गांव में कई जगहों पर गंदगी मिलने पर उन्होंने सफाई पर विशेष जोर दिया।

### संचारी रोग के मुख्य लक्षण

- बुखार, खांसी, गले में खराश, थकान, दस्त, उल्टी, शरीर में दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, शरीर में दाने होना, सिरदर्द, नाक बहना, आंखों का लाल होना, आंखों में सूजन, जाड़ा देखकर बुखार आना समेत आदि संचारी रोग के मुख्य लक्षण हैं। अपर निदेशक की अपील है कि बारिश के मौसम में अगर ऐसे लक्षण नजर आते हैं तो बिना देरी किए सरकारी अस्पताल में इलाज करना चाहिए, लापरवाही घातक भी साबित हो सकती है।

### संचारी रोगों से ऐसे करें बचाव

- हाथ को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं।
- खांसते और छींकते समय मुंह व नाक को जरूर ढकें।
- बीमार लोगों से दूरी बनाकर रखें। उनको छूने पर हाथ धोएं।
- स्वस्थ और संतुलित आहार का सेवन करें।
- सात से आठ घंटे की पर्याप्त नींद जरूर लें।
- घर के आसपास साफ-सफाई का जरूर ध्यान रखें।



युवा भारतीय संसद में मौजूद अतिथि और प्रतिभागी। अमृत विचार

# अनुशासन, सहानुभूति, संवाद रखें युवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एचबीटीयू में हुआ युवा भारतीय संसद का आयोजन**
- **संसद में प्रदेश के 150 युवाओं ने किया प्रतिभाग**

**अमृत विचार**। हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) में 'युवा भारतीय संसद' आयोजित हुई। यह आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ की युवा शाखा 'युवा भारतीय' (कानपुर अध्याय) की ओर से किया गया था। दो दिवसीय कार्यक्रम में भारतीय लोकतंत्र की प्रक्रिया, नीति-निर्माण, प्रश्नकाल और संवाद की वास्तविक झलक दिखी। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना उपपरिषद के संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार लाल व साहित्यिक उपपरिषद की संयोजिका शिवानी कोष्ठा ने युवाओं को राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूक किया।

विश्वविद्यालय की साहित्यिक उपपरिषद व राष्ट्रीय सेवा योजना उपपरिषद के सहयोग से हुए आयोजन की शुरुआत कुलपति प्रो समशेर ने की। श्रमायुक्त सौम्या पांडे व अपर पुलिस उपायुक्त अंजलि विश्वकर्मा मुख्य अतिथि रहीं। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में युवाओं को अनुशासन, सहानुभूति, संवादशीलता तथा सामाजिक प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। युवा संसद में प्रदेश के विभिन्न जिलों से डेढ़ सौ से अधिक युवा प्रतिनिधियों ने संसद के विभिन्न सत्रों में भाग लिया।

## बारिश में नगर निगम मजदूरों को नहीं बिताने दे रहा रात

**कानपुर**। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शुक्रवार को पीडीए मिशन के उड़न दस्ता टीम की पंचायत बैठक हुई। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि बारिश के दिनों में नगर निगम अपने रैन बसेरों में मजदूरों को रात बिताने नहीं दे रहा है, इस मुद्दे को सपा पीडीए मिशन ने गंभीरता से लिया है। रैन बसेरों में अनाधिकृत लोगों द्वारा उसका दुरुपयोग किया जा रहा है, कुछ रैन बसेरों में ताला लगा दिया गया है। 50 हजार से अधिक मजदूर ग्रामीण क्षेत्रों से नगर में दैनिक मजदूरी के लिए आते हैं, जिनको रुकने में परेशानी हो रही है। मांग है कि नगर निगम रैन बसेरों में कामगारों को रात्रि निवास में स्थान और आवास सुविधा के दे। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, नंदलाल जयसवाल, मुमताज मंसूरी, दीपक खोटे, शादाब आलम, सौरभ सिंह, साहेबे आलम, चंदन कोरी, शहाबुद्दीन कुरैशी रहे।

# चुनाव नहीं लड़ने वाली पार्टियों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चुनाव आयोग के नियमों में फंसे कई अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल**

**अमृत विचार**। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत कानपुर समेत उत्तर प्रदेश के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों ने वर्ष 2019 से वर्ष 2024 के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। ऐसे राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. ने भारतीय जन सहयोग पार्टी पता-8/6 जूही सफेद कालोनी, समतावादी रिपब्लिकन पार्टी, रामपुरम् पी.ए.सी. रोड, निर्धन समाज पार्टी ऑफ इण्डिया, मछरिया, भ्रष्टाचार का अंत पार्टी गड़रिया मोहाल, भारत नव निर्माण वोटर सेना, बंसत विहार आदि पार्टियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन पार्टियों के जिम्मेदारों को 14 जुलाई 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ को अपना जवाब देना है। इस संबंध में 21 जुलाई 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। यदि पार्टी की ओर से निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता तो ये माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है। इसके बाद पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची से हटाए जाने के सम्बंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जाएगा।

## गाली-गलौज के विरोध पर पीटा

**कानपुर**। चकेरी के सनिगवां निवासी वेद प्रकाश प्राइवेट कर्मी हैं। उन्होंने बताया कि इलाके का युवक अपने तीन दोस्तों के साथ रोजाना उनके घर के बाहर नशेबाजी व गाली-गलौज करता है। गुरुवार शाम को भी गाली-गलौज कर रहा था। उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने अभद्रता की। उन्हें लाठी-डंडों से पीटा। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई होगी।

# जूही के पार्क, मोहल्लों में भर रहा सीवर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **स्वदेशी कॉटन मिल में भीषण समस्या, घंटी बजा होगा प्रदर्शन**

**अमृत विचार**। जूही में पार्कों, मोहल्लों में सीवर भर रहा है। स्वदेशी कॉटन मिल की खाली जमीन पर सीवर का पानी भरने लगा है। जिससे बस्ती में जलभराव की समस्या हो गई। पार्षद ने कहा मेट्रो की वजह से समस्या है, सोमवार को घंटी बजाकर मेट्रो अधिकारियों को जगाने का काम किया जाएगा।

25 मई को जूही गढ़ा में मेट्रो कारपोरेशन की ओर से डाली गई सीवर लाइन लीकेज हो गई थी। जिसकी वजह से जूही के साथ-साथ जोन 3 और जोन 5 के लगभग आधा दर्जन से अधिक वार्डों में भीषण सीवर समस्या उत्पन्न हो गई। पार्षदों ने पिछले दिनों मेट्रो का कार्य कर रही फर्म सेम इंडिया के जूही स्थित ऑफिस में धरना दिया था, जिस पर सेम इंडिया ने 48 घंटे में समस्या के निराकरण की बात कही थी, लेकिन सीवर लाइन दुरुस्त करने के बजाय फर्म ने जूही हमीरपुर रोड स्थित स्वदेशी कॉटन मिल पार्क में पिछले एक सप्ताह से सीवर का गंदा पानी पंप लगाकर फेंकना शुरू कर दिया, जिसकी वजह से बस्ती में सीवर का पानी भरना शुरू हो गया है। पार्षद शालू कनौजिया ने बताया कि जलभराव से आसपास के लोगों में बीमारी फैल रही है।



स्वदेशी कॉटन मिल की खाली जमीन पर सीवर का पानी। अमृत विचार

**पुण्यतिथि पर विशेष** मैथा के भास्करानंद सरस्वती से वाराणसी में मिले थे स्वामीजी, उन्हीं से सीख मिली कि डर से भागो मत, उसका सामना करो

# कानपुर के संत ने स्वामी विवेकानंद को दिया था निर्भय मंत्र

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार**। शुक्रवार को जिन स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर देश ने उन्हें प्रेरणास्रोत बताते हुए याद किया, वह कानपुर के स्वामी भास्करानंद से बेहद प्रभावित थे। स्वामी भास्करानंद ने ही उन्हें निर्भय मंत्र दिया था। उन्होंने ही उनके लिए भविष्यवाणी की थी कि वह विश्व विख्यात होंगे।

पुस्तकें और दस्तावेज बताते हैं कि स्वामी भास्करानंद का जन्म कानपुर देहात के मैथा में 1833 में मिश्र परिवार में हुआ था। उनका नाम रखा गया मतिराम, लेकिन संन्यास के बाद नाम पड़ा भास्करानंद सरस्वती और वह वाराणसी चले गए। वहां आनंदबाग में ठहरे और वहीं के होकर रह गए। अपने तप, अध्ययन, योग, ज्ञान, आध्यात्मिक ऊर्जा और चमत्कारिक शक्तियों से पूरी दुनिया में उनकी ख्याति हो गई। इतिहास समिति के सचिव अनूप शुक्ल बताते हैं कि इसी दौरान देश भ्रमण पर निकले स्वामी विवेकानंद ने वाराणसी में भास्करानंद जी के दर्शन किए। वह उस वक्त प्रवचन कर रहे थे और तेजस्वी विवेकानंद को देख काम और कंचन पर चर्चा करते हुए कहा कि साधु-संत इसे नहीं छोड़ पा रहे। इस पर विवेकानंद जी खड़े हो गए और बोले कि काम और कंचन का त्याग ही तो संत का आभूषण है और मेरे गुरुदेव ने इनका परित्याग किया है।



स्वामी भास्करानंद।

- **अपने शहर के दो और संत हैं जो दुनिया को दे रहे हैं ज्ञान और बता रहे सनातन की महत्ता**

विवेकानंद जी की स्पष्टता, वाकपटुता और साहस से भास्करानंद जी बहुत प्रभावित हुए और भविष्यवाणी की कि वह विश्व प्रसिद्ध होंगे। इसके बाद विवेकानंद जी वहां से चले तो पास ही बंदरों ने उन्हें घेर लिया तो वह बचने के लिए दौड़ पड़े। भास्करानंद जी ने आवाज लगाई, डरो नहीं, सामना करो। तब विवेकानंद जी रुक गए, पलटे और बंदरों की ओर दृढ़ता से देखा। तब बंदरों का झुंड भी मुड़ कर निकल गया। फिर विवेकानंद जी का सूत्र वाक्य बना, डरो मत, डर को कुचल दो। इसे वह अपने उद्बोधन में भी कहते थे।



स्वामी विवेकानंद।

### स्वामी प्रेमानन्द महाराज अपने सरसौल के



इन दिनों वृंदावन में प्रवास कर रहे विश्व विख्यात स्वामी प्रेमानंद महाराज भी कानपुर में सरसौल कस्बे के रहने वाले हैं। यहीं एक ब्राह्मण परिवार में जन्मे प्रेमानंद जी 12 वर्ष की आयु में संन्यास ग्रहण कर वाराणसी चले गए। फिर कई वर्ष तप, अध्ययन आध्यत्मिक चेतना के शक्ति पुंज बन वृंदावन चले गए और आजीवन वहीं बसने की प्रतिज्ञा ले ली है। रात 12 बजे से ही उनके दर्शन को लंबी लाइन लगती है और उनके भक्तों और सुनने वालों की संख्या करोड़ों में है।

**सभी का वाराणसी से संपर्क**: कानपुर से निकलकर वाराणसी पहुंचे स्वामी भास्करानंद वहीं बस गए। प्रेमानंद महाराज के जीवन का बड़ा हिस्सा भी वाराणसी में बीता। इसी तरह गुरुशरणानंद जी ने भी कई बार वाराणसी में प्रवास किया। स्वामी विवेकानंद जी की भेंट भास्करानंद जी से वाराणसी में ही हुई थी।

### स्वामी गुरुशरणानंद की भी इसी शहर के



पूरी दुनिया में सनातन और अध्यात्मिक चेतना का ध्वज फहरा रहे स्वामी गुरुशरणानंद भी कानपुर के ही हैं। पूरी दुनिया में उनका नाम है। उन्नाव में पैदा हुए स्वामी जी का परिवार 60 साल पहले कानपुर आ गया था और यहीं से वह संन्यास लेकर वृंदावन चले गए, वहां रमनरेती में उनका भव्य आश्रम है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैने अपना नाम ABHISHEK KUMAR AGRAWAL से बदलकर ABHISHEK AGARWAL रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GOPICHAND ADD-RANIBAZAR NEAR RAMJANKI MANDIR, BARGAON, DIST-GONDA-271002(U.P)

**सूचना**

मैंने अपना नाम PRITPAL SINGH से बदलकर PRITHPAL SINGH रख लिया है अब भविष्य में मुझे PRITHPAL SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O- NIRMAL SINGH R/O-NAUGAVAN MUDA SAWARAN LAKHARAWA, LAKHIMAPUR KHERI

**सूचना**

मैंने अपना नाम NADEEM से बदलकर NADEEM ALI रख लिया है अब भविष्य में मुझे NADEEM ALI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SHAAHID R/O, 104, MOHALLA GADHI KALAN SHAHABAD DEHAT, HARDOI

**सूचना**

मैने अपना नाम SWATI GUPTA JALOTA से बदलकर SWATI GUPTA रख लिया है। अब से मुझे SWATI GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AVINASH JALOTA ADD-D-5/52, VIRAJ KHAND GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P)

**सूचना**

मेरे पति अजय कुमार के पासपोर्ट नंबर M9568988 में मेरा नाम नीलम कनौजिया त्रुटिवश अंकित हो गया है, जो कि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम नीलम कुमार है जो कि मेरे आधार कार्ड में भी अंकित है। मुझे नीलम कुमारऽ के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज रिकार्ड किया जाये। **नीलम कुमार पत्नी अजय कुमार नि0 : म0नं0-178/4, सेक्टर कालोनी, मानक नगर, लखनऊ हाल पता 80 एन/सी-1 नियर, एस0बी0आई0 इन्दिरा नगर, कानपुर नगर।**

**सूचना**

मैं **अजीत कुशवाहा पुत्र स्व0 राम सेवक सिंह मौर्य, निवासी- ई-1/577, सेक्टर-एच. एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0**, मैने अपने छोटे पुत्र रोहित कुशवाहा तथा उसकी पत्नी नेहा द्वारा किये जा रहे व्यवहार से काफी दु:खी व पीड़ित हूँ। अपने उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार व प्रताड़ना के कारण अपने घर से अलग कर रहा हूँ। पुत्र व पुत्र वधु द्वारा भविष्य में किए गये किसी भी कृत के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं **कर्तव्य छाबड़ा पुत्र अजय छाबड़ा निवासी बी/187 लाजपतनगर पर0 व तह0 नवाबगंज जिला बाराबंकी**, मेरा नाम पालिसी सं0 236659631 में गगन छाबड़ा लिखा हुआ है जबकि सही नाम कर्तव्य छाबड़ा है जो सही व सत्य है। यह कि गगन छाबड़ा एवं कर्तव्य छाबड़ा दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ तथा दोनों नाम मेरी ही है।

**सूचना**

मैं **साक्षी पाण्डेय पुत्री कमलेश पाण्डेय, नि0- ग्राम व पो0 तेण्डवा बसन्तपुर थाना- कोत0 देहात तह0 महसी जनपद-बहराइच**, मेरा सही व दस्तावेजी नाम साक्षी पाण्डेय है जबकि गलती से आधार कार्ड में काशिश दर्ज हो गया है। मेरा एक ही नाम साक्षी पाण्डेय है जो पूर्ण रूप से सही है अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम काशिश के स्थान पर साक्षी पाण्डेय दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मेरे पुत्र शिवम ढांगी की मां का नाम PARVEENA है जो गलत है, आधारकार्ड में सही नाम PRAVEENA है। अत: भविष्य में सभी दस्तावेजों में इसी नाम से जाना ,पहचाना जाय। PRAVEENA प्रवीना पत्नी मनोज कुमार सुलतानपुर हटाना बागपत उत्तर प्रदेश 250619

**सूचना**

एल. आई. सी. के पॉलिसी संख्या-216825225 के संबंध में मैं आशीष मिश्रा पुत्र स्व. अशोक कुमार मिश्रा सर्वसाधारण को यह सूचित करता हूँ कि पहले मेरा नाम आशीष वर्मा पुत्र स्व. राम नरेश वर्मा था। मेरे पिता स्व. राम नरेश वर्मा की मृत्यु के बाद मेरी माता द्वारा स्व. अशोक कुमार मिश्रा से दूसरी शादी करने की वजह से उक्त मेरे नाम एवं पिताजी के नाम में परिवर्तन हुआ है। मेरे सभी साक्ष्यों एवं बैंक खाते में मेरा नाम आशीष मिश्रा हो गया है यह दोनों नाम मेरे स्वयं के है।

**NOTICE**

I am Binita devi M/O Adarsh singh resident of 541R/1050 Rifa colony campwell road Lucknow. My name is Binita devi as mentioned in my Adhar card . My name has been wrongly mentioned as Beenu singh in school record. My correct and full name is Binita devi. Binita devi and Beenu singh both are the name of same person.

NARAINA MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL KANPUR
नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज)
गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
SUNDAY OPEN
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना भर्ती मरीज़ो के लिए मान्य होगी।
आयुष्मान योजना / ECHS / CGHS की सुविधा उपलब्ध
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग
दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग
नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
*T&C Apply
समस्त प्रकार की बीमारियों का सम्पूर्ण इलाज एवं निःशुल्क ऑपरेशन
सभी जांचें एवं दवाइयों पर 50% तक की छूट
3 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक के लिए मान्य
यह निःशुल्क सेवा सीमित समय तक के लिए है, इस योजना का लाभ उठायें
OPD - प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा) निःशुल्क
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है ।

| | |
|---|---|
| 33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 21 | सूर्यास्त 07 : 06 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
NABH CERTIFIED
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# होटल जिंजर @ कमला क्लब, ताज होटल के बगल में

सौगात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


प्रतीकात्मक फोटो।

- टाटा समूह की कंपनी आईएचसीएल ने शहर में एक और नए होटल 'जिंजर' के लिए जेके अरबनस्केप्स डेवलपर्स से किया समझौता
- जिंजर होटल के साथ ही उत्तर प्रदेश में टाटा समूह के आईएचसीएल के होटलों की संख्या 34 हो जाएगी

**100** कमरे होंगे जिंजर होटल में जो शहर आने वाले लोगों के लिए काफी सुविधाजनक होंगे

**अमृत विचार।** टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने शहर में एक और नए होटल 'जिंजर' के लिए जेके अरबनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। थ्री स्टार जिंजर होटल का निर्माण कमला क्रिकेट क्लब, कालपी रोड पर पहले से ही प्रस्तावित ताज होटल के समीप होगा। ग्रीनफील्ड परियोजना होने से इसकी इमारत पूरी तरह से नई होगी। माना जा रहा है कि शहर की वाणिज्यिक और पर्यटन क्षेत्र में बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ जिंजर होटल आईएचसीएल की तेजी से उभरते टियर-2 शहरों में पहुंच का विस्तार करने की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

जिंजर होटल में 100 कमरे होंगे, जो व्यापार और कारोबार के साथ छुट्टियों पर शहर आने वाले लोगों के लिए काफी सुविधाजनक होंगे। होटल में क्यूमिन रेस्तरां होगा, जिसे जिंजर का सिग्नेचर ऑल-डे डाइनर कहा जाता है। बैंक्वेट स्पेस के साथ यहां बार और व्यापारिक बैठकों के लिए मीटिंग रूम उपलब्ध रहेगा। अतिथियों को व्यायाम की सहूलियत देने के लिए फिटनेस सेंटर होगा। जिंजर होटल को स्मार्ट, स्टाइलिश और ठहरने की किफायती सुविधा के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। कालपी रोड पर 50 एकड़ की टाउनशिप के विकास से शहरवासियों को एक ही स्थान पर न सिर्फ ताज समूह के दो बड़े होटलों की सुविधा मिलेगी, बल्कि कालपी और जीटी रोड को मिलाने वाली जरीब चौकी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनने से रेलवे स्टेशन तथा एयरपोर्ट से बेहतर कनेक्टिविटी भी मिल जाएगी। जिंजर होटल के साथ ही उत्तर प्रदेश में टाटा समूह के आईएचसीएल के होटलों की संख्या 34 हो जाएगी, इनमें 21 निर्माणाधीन हैं। इसके मुकाबले जेके अरबनस्केप्स डेवलपर्स सिंघानिया परिवार के बड़े व्यवसाय का हिस्सा है, जिसकी विरासत 140 साल पुरानी है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

FUTURE UNIVERSITY Learn - Assimilate - Transcend
Learn by Doing Lead by Skills
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
Polytechnic
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

## एक नजर

### महिला को पीटा, 10 लाख रंगदारी मांगी

**कानपुर।** चकेरी के अहिरवां में एक महिला को युवक ने पहले जमीन को बेचा। जब जमीन पर वह खेती करवाने लगी तो युवक ने उससे मारपीट कर दस लाख की रंगदारी मांगी। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जूही के एस-ब्लॉक निवासी सुशीला देवी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में अहिरवां के मवैया गांव निवासी पिंटू से जमीन खरीदी थी। जिस पर वह खेती करवाती हैं। पीड़िता के अनुसार बीती 27 जून को वह जमीन पर ट्रैक्टर चलवा रही थीं, तभी पिंटू अपनी पत्नी व परिवार के गोविंद, सचिन सहित दो अन्य के साथ आया और काम रुकवा दिया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और दस लाख रुपये रंगदारी मांगी। थाने में सुनवाई न होने पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की। उनके आदेश पर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### निदेशक प्रशासन को कुलसचिव का प्रभार

**कानपुर।** सीएसए में डॉ नौशाद खान निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग के पद के साथ कुलसचिव के कार्यों का निर्वहन भी करेंगे। कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने डॉ खान को पूर्व कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय के सेवानिवृत्ति के बाद अग्रिम आदेशों तक कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

## भ्रष्टाचार की पाइप लाइन और खोदाई में एक हजार करोड़ रुपये बहे, पानी का पता नहीं

# हजार करोड़ की लुटिया डूबी नहीं मिला चुल्लू भर पानी

अभिषेक वर्मा, कानपुर



शहर में पुरानी पेयजल लाइन में जीआरपी (लोहे के पाइप) डाले जा रहे हैं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर की प्यास बुझाने और घरों में नल से पानी पहुंचाने की योजना एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करने के बाद भी भ्रष्टाचार और लापरवाही की पाइप लाइन से बाहर नहीं निकल पा रही है। 870 करोड़ रुपये की जेएनएनयूआरएम योजना के तहत डाली गई घटिया पेयजल लाइन को ठीक करने के लिए 15वें वित्त आयोग से 139.38 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। इससे 14.38 किमी पुरानी लाइन में इस समय जीआरपी (लोहे के पाइप) डाले जा रहे हैं। लेकिन अब जलनिगम बचा काम पूरा करने के लिए 581.65 करोड़ रुपये और मांग रहा है।

जेएनएनयूआरएम योजना की वर्ष 2007-08 एवं 2009-10 में शुरुआत हुई थी। इसमें शहर के इनर ओल्ड एरिया कल्याणपुर, आर्यनगर, सीसामऊ, गोविंद नगर, किदवई नगर, कैंट, महाराजपुर क्षेत्र की 18 लाख आबादी को पानी देने के लिए की फेस-1 में 455.24 करोड़ की योजना बनी थी, जिसमें 393.93 करोड़ जारी हुए थे। शहर के बाकी क्षेत्रों के लिए पेयजल योजना फेज-2 की पुनरीक्षित लागत 475.15 करोड़ थी। दोनों योजनाओं में शासन ने 869.08 करोड़ रुपये जारी किए थे। इस धन से योजना का 58.54 प्रतिशत काम पूरा किया गया और 41.46 प्रतिशत काम अपूर्ण, अक्रियाशील, अधोमानक छोड़ दिया गया।

**18** लाख की आबादी बीते 15 वर्षों से झेल रही पानी की किल्लत

**869** करोड़ रुपये जेएनएनयूआरएम योजना पर किए गए थे खर्च

**169** करोड़ रुपये से खोदाई करके डाली जा रही है अब लोहे की पाइप लाइन

### 15 साल में सिर्फ 7,920 घरों में ही दिया लाइन से कनेक्शन

- जेएनएनआरयूएम के तहत तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और तीन रॉ वाटर संपवेल तो बना दिए गए, लेकिन 117.46 किमी लंबी क्लियर वाटर फीडरमेन का काम 43 फीसदी ही किया गया। इस योजना में 45 ओवरहेड टैंक बनने थे, जिसमें 15 नहीं बने। सीडब्ल्यूआर 73 बनने थे, जिसमें 56 फीसदी ही काम हुआ। तीन आईपीएस बनने थे, जिनमें दो अधूरे पड़े हैं। डिस्ट्रीब्यूशन लाइन 1745 किमी लंबी पड़नी थी, लेकिन 31.23 फीसदी ही लाइन डाली गई। तीन लाख घरों में कनेक्शन होना था लेकिन 15 वर्षों में महज 7,920 घरों में ही पाइप लाइन का कनेक्शन दिया गया। 16 ट्यूबवेल में जरूर 14 बना दिए गए।

### और चाहिए 581 करोड़

- जलनिगम नगरीय के अधिशासी अभियंता प्रवीण यादव ने जिलाधिकारी और नगर आयुक्त सुधीर कुमार को पत्र भेजकर जेएनएनआरयूएम योजना के अवशेष छोड़े गये 41.46 प्रतिशत कार्य को पूरा करने के लिए 581.65 करोड़ रुपये की धनराशि और मंजूर कराने की मांग की है।

# ग्राहक बने युवक ने शोरूम से मंगलसूत्र उड़ाए

**कानपुर।** बिरहाना रोड स्थित एक आभूषण शोरूम में ग्राहक बनकर आए युवक ने मंगलसूत्र पार कर दिया और फरार हो गया। शोरूम मैनेजर ने फीलखाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शुक्लागंज के गंगाघाट निवासी आदित्य कुशवाहा बिरहना रोड स्थित कल्याण ज्वैलर्स में मैनेजर हैं। आदित्य के अनुसार बुधवार शाम को उनके शोरुम में दो महिलाएं आभूषण खरीदने आई थीं। कुछ देर बाद एक युवक आया और महिलाओं के पास बैठ गया। उन्हें लगा कि युवक महिलाओं के साथ ही होगा। इस बीच सेल्समैन रामू पीछे मुड़कर जेवर का बाक्स उठाने लगा, तभी मौका पाकर युवक मंगलसूत्र चोरी करके बाहर की तरफ चला गया। उन्होंने स्टॉक का मिलान किया तो 25 ग्राम व 22 कैरेट का मंगलसूत्र गायब मिला। उन्होंने महिलाओं से युवक के बारे पूछा तो बताया कि वह उनके साथ नहीं आया था। सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो युवक चोरी करते उसमें कैद मिला। थाना प्रभारी फीलखाना रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर फुटेज देखे जा रहे हैं।

# हाईवे पर बीयर पीते बाइक दौड़ाई, ले ली दूसरे की जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन युवकों की करतूत सामने से आ रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मारी

**अमृत विचार।** नारामऊ हाईवे पर युवकों ने बिना हेलमेट तीन सवारी उल्टी दिशा में बीयर पीते हुए बाइक दौड़ा दी। सामने से आए दूसरे बाइक सवार युवक को सीधी टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई। बाइक सवारों की नशेबाजी में युवक की जान चली गई। हादसे में दो युवक भी घायल हुए। पुलिस ने बाइक कब्जे में ली है।


अयान।

बिठूर के मंधना बगदौधी बांगर निवासी मोहम्मद शरीफ का 22 वर्षीय बेटा अयान खान बाइक मैकेनिक था। आईआईटी गेट के पिलर नंबर एक के पास उसकी दुकान है। गुरुवार रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर जाने के लिए निकला था। नारामऊ हाईवे पर सामने से विपरीत दिशा में आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया टक्कर मारने वाली बाइक पर तीन युवक सवार थे और उनके हाथ में बीयर की केन थी। टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार दो युवक भी घायल हुए हैं।

इमरान के अनुसार हादसे के बाद आसपास के लोग पहुंचे। बाइक सवार एक आरोपी से पूछताछ शुरू की तो वह लोगों के बीच से निकलकर चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बारे में पूछने पर उसने घायल अयान की तरफ देखा और सैल्यूट किया। इसकी लोगों ने फोटो भी खींच ली है।

### बाइक का नौ बार हुआ है चालान

अयान के भाई इमरान के अनुसार जिस बाइक से हादसा हुआ, उसका नौ बार चालान हो चुका है। बाइक ज्ञान सिंह के नाम पर है। इमरान के अनुसार जितनी बार बाइक का चालान हुआ, चालक हेलमेट नहीं लगाए था और हर बार तीन सवारी रहा है। नौ चालान के बाद भी युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और बीयर पीते हुए बाइक चलाकर उसके भाई की जान ले ली।



पनकी थम्स अप तिराहा पर प्रदर्शन करते कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी।

# साइड पटरी पर मैटेरियल छोड़ा ठेकेदार पर 50 हजार जुर्माना

**कानपुर।** गोविंद नगर ब्लॉक नंबर 7 में सीवर लाइन डालने के कार्य के बाद साइड पटरी पर मैटेरियल छोड़ने पर ठेकेदार पर नगर निगम ने 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। मुख्य अभियंता एसएफए जैदी के निरीक्षण में सीएंडडी वेस्ट पड़ा पाया गया, जिससे जलभराव के साथ ही जाम भी लग रहा था। जोन 5 के अंतर्गत किए जा रहे कार्य को मेसर्स कृष्णा एंड कंपनी को दिया गया था। यह कार्य पूरा हो गया है। मुख्य अभियन्ता ने निरीक्षण किया तो पाया कि साइड पटरी पर सीएण्डडी वेस्ट को छोड़ दिया गया है।

# 6 जुलाई से 1 नवंबर तक मांगलिक कार्य बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- देवशयनी एकादशी पर विवाह, जनेऊ, मुंडन, गृह प्रवेश व नींव पूजन शास्त्रों के अनुसार वर्जित

**अमृत विचार।** आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 5 जुलाई शनिवार को शाम 7 बजे शुरू हो रही है। इसका समापन 6 जुलाई को रात 9 बजकर 14 मिनट पर होगा। ऐसे में इस वर्ष देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को मनाई जाएगी। देवशयनी एकादशी से मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे और 2 नवंबर देवउठनी एकादशी से शुरू होंगे। विवाह, जनेऊ, मुंडन, गृह प्रवेश व नींव पूजन शास्त्रों के अनुसार वर्जित माना जाता है। इसी दिन से संन्यासी लोगों का चातुर्मास्य व्रत आरम्भ हो जाता है।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु करीब 4 महीने तक योग निद्रा में रहते हैं। भगवान विष्णु जगत को पालनकर्ता माना जाता है। इसलिए हर शुभ कार्य में विष्णु जी की पूजा करने का प्रावधान है। चातुर्मास में भगवान विष्णु के विश्राम पर चले जाने के कारण विवाह व शुभ कार्य को इसलिए वर्जित माना जाता है, क्योंकि वे हमारे शुभ कार्य में उपस्थित नहीं हो पाते हैं। इस वजह से देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक विवाह व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। इस दौरान साधु-संत, एक ही स्थान पर रहकर तप, साधना, व प्रवचन आदि करते हैं।

# 8 घंटे से ज्यादा काम तो कर देंगे नींद हराम

**कानपुर।** पनकी औद्योगिक क्षेत्र में थम्स अप तिराहा पर शुक्रवार को इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, एआईयूटी, यूसीटीयूसीसी और स्वतंत्र कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व सदस्य एकत्र हुए। नौ जुलाई को होने वाली देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए श्रमिक नेताओं ने मजदूरों के साथ सभा की। श्रमिक नेताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार काले श्रम कानूनों को लागू करने के लिए कमर कस चुकी है, जिसके जवाब में मजदूर संगठनों ने भी सरकार से दो-दो हाथ करने की तैयारी कर ली है। सभा में हड़ताल को सफल बनाने के लिए मजदूरों ने एक स्वर में संकल्प लेकर 8 घंटे से लोगे ज्यादा काम तो सरकार की कर देंगे नींद हराम का नारा लगाया। इस दौरान केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मंच के जिला संयोजक असित कुमार सिंह, राजीव खरे, राणा प्रताप सिंह, योगेश ठाकुर, आरडी गौतम, रामप्रकाश राय, उमेश शुक्ला, संजय, दयाराम, सूर्यभान, ओपी रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्यमियों बोले- रजिस्ट्रेशन और एनओसी की समस्या दूर करें

एमएसएमई डे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मंडलायुक्त का सम्मान करते उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कानपुर चैप्टर की ओर से शुक्रवार को एमएसएमई डे मनाया गया। आईआईए भवन में हुए आयोजन में उद्यमियों ने उद्योग से संबंधित समस्याएं रखीं। इस दौरान रजिस्ट्रेशन और एनओसी की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा एक आवेदन पॉलिसी लागू करने की मांग फिर उठाई गई। निर्यात पर दी जाने वाली सुविधाओं को बढ़ाने की मांग हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त एवं निदेशक उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन विजेन्द्र पांडियन ने की। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आज का उद्यमी रजिस्ट्रेशन और एनओसी के भंवर में फंसा हुआ है। इससे उद्योगों को मुक्ति मिलनी चाहिए। एक ही आवेदन पर उद्यमी को सारे रजिस्ट्रेशन मिल जाये, तो वह अपना सारा समय उद्योगों के उत्पादन और गुणवत्ता को दे सकेगा। निवेश मित्र पोर्टल की सुविधा का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि यदि उद्यमी द्वारा पांच साल की फीस के साथ प्रदूषण की एनओसी के लिये आवेदन किया जाता है और किसी कारण से उसका फॉर्म में कोई कमी होने पर उसे दोबारा आवेदन करना पड़ता है तो उसे दोबारा फीस का भी भुगतान करना पड़ता है। ऐसा नहीं होना चाहिये, उद्यमी द्वारा जमा की गयी फीस का एडजेस्टमेंट होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते आयुक्त एवं निदेशक उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन विजेन्द्र पांडियन ने कहा एक्सपोर्ट को बढ़ावा देना तथा उद्योगों की समस्याओं का निदान कराना हमारी प्राथमिकताओं में एक है। वरिष्ठ उद्यमी एवं संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण खेत्रपाल का उद्योगों के प्रति योगदान को याद करते हुये संस्था द्वारा उद्योग शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष सुनील वैश्य, आलोक अग्रवाल, आरके अग्रवाल, हर्षल अग्रवाल, विक्रान्त अग्रवाल, जय हेमराजानी, संजय जैन रहे।

### तनाव दूर करने के उपाय बताए

समारोह में दिल्ली से आए प्रख्यात वक्ता विजय बत्रा ने उद्यमियों को तनाव दूर करने के उपाय भी बताएं। उन्होंने बताया कि जीवंत जीवन जीने का मूल सूत्र है, सीखना, सिखाना और सेवा करना तथा ईर्ष्या, अहंकार और संघर्ष में फंसने की प्रवृत्ति पर काबू पाना है। चपलता व्यक्ति को चुनौतियों पर विजय पाने में सक्षम बनाती है क्योंकि वह चिंता करने के बजाय सोच-विचार करके चुनौतियों पर विजय पाने का अभ्यास करता है।

# झमाझम बारिश से सड़कें लबालब, घुटने तक पानी

## उत्तर-दक्षिण के कई मोहल्ले व प्रमुख सड़कों पर भरा पानी, खुदी सड़कों पर फिसले लोग


नरेंद्र मोहन सेतु की सर्विस लेन से बारिश के बीच निकलते वाहन सवार। अमृत विचार


काकादेव में बारिश के बाद भरे पानी से निकलता राहगीर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव नीरक्षीर चौराहे पर घुटने भर पानी
- आरटीओ रोड, मरियमपुर चौराहा भी लबालब

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात बादल झमाझम बरसे। मौसम तो खुशनुमा हो गया लेकिन कई सड़कें जलमग्न हो गईं। काकादेव नीरक्षीर चौराहे के पास घुटने तक पानी भर गया। इसके साथ रावतपुर, सर्वोदय नगर, आरटीओ रोड, मरियमपुर के साथ ही दक्षिण क्षेत्र में भी पानी भर गया। सड़कों पर जलभराव, खुदी सड़कों में भरे पानी से वाहन सवार राहगीरों को जूझना पड़ा। नगर निगम को 15 मई तक नाला सफाई करनी थी। लेकिन, यह सफाई जुलाई की शुरुआत तक भी पूरी नहीं हो सकी है। शुक्रवार रात को एक बार फिर से कई इलाकों में झमाझम पानी बरसा। लाजपतनगर से गुरुनानक स्कूल होते हुए मरियमपुर जाने वाली सड़क पर भीषण जलभराव हुआ। शनिदेव मंदिर, कबाड़ी मार्केट, फजलगंज चौराहे से गोविंदपुरी पुल के बीच भी पानी भर गया। दक्षिण क्षेत्र में गोविंद नगर नंद लाल चौराहा और किदवई नगर थाने के पास भी जलभराव हो गया।

### पॉश इलाकों में भी भरा पानी, माल रोड में राहत

पॉश इलाकों स्वरूप नगर, आर्य नगर सिविल लाइंस, परमट, वीआईपी रोड पर पानी भर गया। हालांकि इसकी अपेक्षा मॉल रोड व आस-पास के क्षेत्रों में कम पानी भरा। विजय नगर फलमंडी वाली सड़क पूरी भरी रही। यहां खोदाई की वजह से हुए कीचड़ से लोग परेशान हुए। खुदी सड़कों पर कीचड़ हो गया।

# अंधेर: 90 डिग्री मोड़ा नाला आरटीओ रोड पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी ने सर्वोदय नगर में गलत नाला बना दिया जिसकी वजह से जलभराव हो रहा है। नाला 90 डिग्री कोण में मोड़कर आगे से निकाल दिया। इसके चलते सिल्ट नहीं साफ होने के कारण पानी भर रहा है। शुक्रवार को क्षेत्रीय पार्षद नीरज बाजपेई ने चेतावनी दी कि नाला ठीक नहीं हुआ तो वह जनता के साथ पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अखंडेश्वर सिंह और नगर निगम के अधिशासी अभियंता आरके सिंह ने पार्षद नीरज के साथ आरटीओ मार्ग में बने नाले का निरीक्षण किया। यहां पर पार्षद ने अस्पताल के पास खुले नाले से दिखाया कि कैसे नाला 90 डिग्री कोण में घूमा है। 90 डिग्री कोण में होने के कारण जल निकासी फंस रही है। हालांकि पीडब्ल्यूडी अफसरों ने धन न होने के चलते हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि अनुमति प्रमाण पत्र दे देंगे। नगर निगम अपने धन से निर्माण करा ले।

> पीडब्ल्यूडी ने वर्ष 2014 में नाला बनाया था। उनको ठीक करना चाहिए। उन्होंने माना कि नाला गलत बना है। धन नहीं होने के चलते हाथ खड़े कर दिए हैं। जनहित में नगर निगम नाला ठीक कराएगा। करीब 30 मीटर नाला ठीक करने में छह लाख रुपये खर्च आएगा। बरसात के बाद नाला ठीक कराया जाएगा।
>
> – आरके सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी

# हाईकमान को खबरों की कटिंग भेजकर बुरे फंसे कांग्रेसी बागी

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- बगावत करने वालों के आका पर भी गिर सकती गाज

**अमृत विचार।** महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों की घोषणा के बाद कुछ नेताओं ने पार्टी की नीतियों के विरोध में जाकर मीडिया में अपनी बात रखी और जब अखबारों में उनकी बातें छप गईं तो उनकी कटिंग हाईकमान को भेज दीं। इससे हाईकमान नाराज है। ये तरीका बागियों के लिए मुसीबत बन सकता है। बागी तेवर किसके इशारे पर दिखाए जा रहे हैं, हाईकमान को उनकी रिपोर्ट भी भेजी जा रही है।

कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक बीते कुछ दिनों में कांग्रेस के अंदरखाने में जो भी अव्यवस्था फैली है, उसको लेकर कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लखनऊ तलब किया और उनसे पूरी जानकारी ली। हाईकमान का मानना है कि यदि किसी को कोई शिकायत थी तो उन्हें अपनी बात रखनी चाहिए था लेकिन सीधे मीडिया से नाराजगी जताना पार्टी के उसूलों के खिलाफ है। पवन गुप्ता ने इस संबंध में कुछ भी कहने से इंकार किया लेकिन इतना जरूर कहा कि किसी ने भी अपना इस्तीफा उन्हें नहीं सौंपा है।

### तिलक हाल में शपथ ग्रहण समारोह आज

शनिवार को तिलक हाल में कानपुर महानगर कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक वीरेंद्र चौधरी मौजूद रहेंगे। पवन गुप्ता ने कहा कि पदग्रहण एवं संकल्प कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों को उनके कार्य और जिम्मेदारियों की शपथ दिलाकर यह संकल्प दिलाया जायेगा कि भाजपा शासनकाल में जिस तरह से समाज में नफरत फैलाई जा रही है, संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और गांधीवादी सिद्धान्तों को अपनाकर ही हम लड़ेंगे। बैठक में शंकर दत्त मिश्रा, पदम मोहन मिश्रा, अजय प्रकाश तिवारी, रितेश यादव, तौसीफ खान, आनंद शुक्ला, राकेश साहू, राम शंकर राय, उपेन्द्र यादव, मोहित दीक्षित आदि थे।

# ई रिक्शों के लिए 20 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जिलाधिकारी ने आरटीओ टीम के साथ बैठक की। अमृत विचार

- 13 जुलाई से पहले पार्किंग व्यवस्था फाइनल हो जाएगी
- ई रिक्शों के पूरी तरह पंजीयन के बाद ही रूट तय करें

**अमृत विचार।** पूरे शहर में ई रिक्शों के लिए कोई पार्किंग नहीं होने के कारण ई रिक्शे जहां भी जगह पाते हैं, वहीं रुक जाते हैं। ऐसे में ई रिक्शों के लिए शहर के 20 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है जिसपर 13 जुलाई तक अमली जामा पहनाया जाएगा। सभी ई-रिक्शों का पंजीयन होने के बाद उनके रूट तय कर दिये जाएंगे।

शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई जिसमें ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिम्मेदारों ने भी शिरकत की। प्रतिनिधियों ने बैठक में सुझाव दिया कि प्रमुख स्थलों पर ई रिक्शा स्टैंड बनाए जाएं जिससे अनावश्यक जाम से राहत मिल सके। इस सुझाव पर नगर निगम अधिकारियों ने अवगत कराया कि उनकी सीमा में आने वाले 20 स्थानों को ई-रिक्शा पार्किंग के लिए चिन्हित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 13 जुलाई से पूर्व चिन्हित पार्किंग स्टैंड पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। डीएम ने ई-रिक्शा संचालकों से रूट निर्धारण के संबन्ध में प्रस्ताव मांगे तथा डीसीपी ट्रैफिक से अपेक्षा की कि सुझाव तार्किक एवं यातायात व्यवस्था के अनुकूल होने पर ही स्वीकार किए जाएं।

**डीएम के कहने पर नेता जी ने छोड़ा पान-मसाला :** ई-रिक्शा नियमितीकरण बैठक के दौरान एक रोचक प्रसंग सामने आया, जब ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के कहने पर पान मसाला खाना पूरी तरह छोड़ दिया है। उनके साथ ही छह अन्य ई रिक्शा चालकों ने भी पान-मसाला छोड़ दिया। लगभग दो माह पूर्व जनता दर्शन में विनोद कुमार ने अपनी निजी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी थी। जिलाधिकारी ने समस्या सुनने के बाद गंभीर स्वर में कहा था 'पहले पान मसाला छोड़िए, फिर बात होगी।' उसी दिन से उन्होंने पान मसाला खाना छोड़ दिया।

### बस स्टापेज पर ही रुकें

जिलाधिकारी ने शहर में सिटी बसों की उपलब्धता पर भी चर्चा की। जिलाधिकारी को बताया गया कि फिलहाल 90 सीएनजी और 75 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हैं। माह के अंत तक 100 व 28 सीटर इलेक्ट्रिक बसें मिलने की संभावना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बसें निर्धारित स्टॉप पर ही रुकें। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार, एआरटीओ कहकशां, एआरएम रोडवेज रामलवट तथा ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार वाजपेयी, कपिलदेव, देवेंद्र पाल और राजकुमार रहे।

# बड़ी करबला से उठा दरियावाला अलम, मातम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बड़ी करबला से निकलता मातमी जुलूस। अमृत विचार

- अलम की जियारत करके आंसू छलक उठे

**अमृत विचार।** बड़ी करबला नवाबगंज से दरिया वाला अलम उठाया गया और अकीदतमंदों ने मातम किया। अलम की जियारत करके लोगों के आंसू छलक उठे। ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट की जानिब से आयोजित मजलिस में मौलाना अबुजर काजमी ने बताया कि मोहर्रम की 8 तारीख को मौला अब्बास का अलम मुबारक उठाया जाता है जो हजरत इमाम हुसैन के लश्कर के अलम बरदार थे। मौला अब्बास की शहादत की याद में अलम उठाया गया। मजलिस के उपरांत अंजुमन शब्बीरिया मकबरा ग्वालटोली ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। इस मौके पर नायाब आलम, जमील हुसैन, शारिब अब्बास, मोहम्मद रजा, तहसीन हैदर, दानिश रिजवी, नजर अब्बास, आमिर अब्बास, वहदत काजमी, नाजिश रिजवी, मोहम्मद जैद रिजवी आदि मौजूद रहे।

### करबला में कीचड़, दलदल ठीक कराया

रविवार को पूरे शहर की करबला में ताजिए दफन किये जाएंगे लेकिन बारिश के चलते ताजियादारों के माथे पर शिकन है। शुक्रवार को रावतपुर करबला में कीचड़ व दलदल को नगर निगम के सहयोग से ठीक कराया गया। करबला कमेटी के अध्यक्ष सरफराज खान, महामंत्री डॉ. निसार अहमद, राजा मंसूरी, मुन्ना भाई आदि ने नगर निगम की टीम के साथ करबला की सफाई कराई लेकिन रात में बारिश के बाद करबला में फिर कीचड़ फैल गया।


विवि में कुलपति का सम्मान किया गया। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू कुलपति को बधाई

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को विवि में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें बधाई दी गई। इस दौरान शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विवि के पुरातन छात्रों ने कुलपति के कार्यों की सराहना की। कुलपति प्रो विनय पाठक ने इस पूरी यात्रा के लिए कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन को श्रेय दिया है। विवि के अधिकारियों व शिक्षकों ने कहा कि कुलपति के मार्गदर्शन में हाल ही में नैक द्वारा ए प्लसप्लस उच्च ग्रेड प्राप्त की है। विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग में भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है।

**मोहर्रम** | 123 पुराने कुरैशी बिरादरी के निकले अलम जुलूस में नौहाख्वानी

# हजरत अब्बास के बाबुल मुराद मन्नती अलम में बांधा मेवों का सेहरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


ग्वालटोली से निकला अलम जुलूस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जबरदस्त बारिश के बाद भी इमामबाड़ों पर ताजिए रखे गए, जहां फातिहा पढ़ने वालों की भारी भीड़ रही। भीगते पानी में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग इमामबाड़ों पर पहुंचे और फातिहा पढ़ने के साथ ही मन्नती चढ़उवा छोटे छोटे ताजिये चढ़ाये। ग्वालटोली मकबरा से 73 साल पुराना हजरत अब्बास का मन्नती अलम उठा जिसपर मेवों का सेहरा बांधा गया।

शुक्रवार को ग्वालटोली इमामबारगाह करम रसूल अंसार अली से अन्जुमन जाफरिया ने अपना 73 साल से उठने वाला कदीमी हजरते अब्बास का मन्नती अलम उठाया। मजलिस में इंतखाब आलम काजमी ने हजरत अब्बास और उनकी 4 साल की भतीजी सकीना के बारे में खिताब किया तो लोग अपने आंसू नहीं रोक पाए। मजलिस के उपरान्त यह जुलूस उठाया गया।

नवाब गुलफाम, नवाब जीशान खान, नवाब नकी अली, नवाब अलीशान, नवाब बाकर अली, नवाब रफीक अली, नवाब अली अब्बास ताज कानपुरी, इम्तियाज हुसैन, हाजी नसीर हसन रिजवी, आसिफ अब्बास, अंसार अली, इमरान अली रिंकू, युनुस रजा विक्की, डा० जुल्फिकार अली रिजवी, अहमद अब्बास, नजरे आलम, अनवार सज्जादी हसनैन अकबर, मोहम्मद मुन्तजिर, तालिब हुसैन आदि थे।

### छोटी करबला में दहकते अंगारों पर मातम आज

- **कानपुर।** छोटी करबला ग्वालटोली में शनिवार रात 12 बजे आग का मातम किया जाएगा। अंजुमन मोहम्मदी के महामंत्री मिर्जा शहनशाह हुसैन के हवाले से बताया कि अंजुमन मोहम्मदी मुइनउल अजा के तत्वाधान में रात 11.45 बजे जामा मस्जिद में मजलिसे अजा बरपा होगी। मजलिस ठीक 12 बजे खत्म होगी। यहीं से हजरत अब्बास के अलम के साथ शहर के कोने कोने से इमाम हुसैन के चाहने वाले और शियाने हैदरे कर्रार जुलूस में शामिल होंगे। यह जुलूस छोटी करबला पहुंचने पर आग के अंगारों पर मातम शुरू हो जायेगा जो लगभग 1 बजे तक चलेगा।

### कुरैशी बिरादरी के अलम जुलूस में लंगर

- शुक्रवार को नई सड़क से कुरैशी बिरादरी का 123 साल पुराना अलम जुलूस उठा जिसमें बड़े पैमाने पर लंगर किया गया। जुलूस का नेतृत्व हाजी परवेज कुरैशी, साहिबे आलम कुरैशी, गुलजार अहमद कुरैशी, मो0 यासीन कुरैशी, नियाज अहमद कुरैशी, अजमत अली अशरफी कर रहे थे। वहीं शहर के हजारों इमामबाड़ों पर मजलिस, मातम का दौर रात भर जारी रहा।

## सार-संक्षेप


यूपी किराना सेवा समिति कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। अमृत विचार

### मदन चंद्र कपूर अध्यक्ष बने

**कानपुर।** यूपी किराना सेवा समिति में शुक्रवार को कार्यकारिणी के नव-निर्वाचित 28 सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में निदेशक निर्वाचन आलोक कृष्ण गुप्त व सहायक निदेशक निवार्चन पवन कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। बैठक में पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से तीन वर्षों के लिए मनोनयन किया गया। अध्यक्ष के रूप में मदन चन्द कपूर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार अग्रवाल का मनोनयन हुआ। कनिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में अमर नाथ गुप्ता व महामंत्री के रूप में गिरीष भाटिया का चयन हुआ। अन्य पदाधिकारियों में मंत्री सुनील गुप्ता व आलोक कुमार गुप्ता का चयन हुआ। विद्यालय प्रबंधक किदवई नगर के रूप में राज कुमार नेवटिया व प्रबंधक बालिका विद्यालय तात्याटोपे नगर के रूप में विजय अग्रवाल का चयन हुआ।


मलाबार गोल्ड के नए शोरूम का उद्घाटन हुआ। अमृत विचार

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का 400 वां शोरूम

**कानपुर।** नोएडा के सेक्टर-18 में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने 400वें शोरूम की शुरुआत की, जिसका उद्घाटन मलाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने किया। चेयरमैन एमपी अहमद के मुताबिक कंपनी 60 नए शोरूम खोलकर अपनी पहुंच को 15 देशों, भारत के 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों तक विस्तारित करने की योजना बना रही है। कंपनी की योजना है कि वह अपनी वैश्विक टीम को बढ़ाकर लगभग 27,250 प्रबंधन सदस्यों तक ले जाए। हमारा लक्ष्य 78,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करना है। इस दौरान भारत संचालन के प्रबंध निदेशक ओ अशर, समूह कार्यकारी निदेशक केपी वीरनकुट्टी, समूह के मुख्य मार्केटिंग अधिकारी सलीश मैथ्यू, रिटेल संचालन (अन्य राज्यों) प्रमुख पीके सिराज, मलाबार समूह के उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम केपी, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक व अंतरराष्ट्रीय संचालन शामलाल अहमद व उत्तर भारत के क्षेत्रीय प्रमुख एनके जिशाद और प्रबंधन टीम के अन्य सदस्य रहे।


इवा आयुर्वेद में मरीजों की जांच हुई। अमृत विचार

### 10 जुलाई तक लें निशुल्क परामर्श कैंप का लाभ

**कानपुर।** कल्याणपुर, केशव वाटिका मोड़ पर सम्यम विहार स्थित इवा आयुर्वेद में 10 जुलाई तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयुर्वेद स्त्री एवं प्रसूति व बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ.सोनम गुप्ता ने बाझंपन, बच्चेदानी में सूजन, गांठ, गर्भ का न ठहरना, फेलोपिअन ट्यूब में ब्लॉकेज, अनियमित मासिक धर्म, लो एएमएच, श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर एवं रजोनिवृत्ति जनित विकार समेत आदि समस्याओं से परेशान महिलाओं को परामर्श दिया। बताया कि आयुर्वेद व पंचकर्म के द्वारा बांझपन के मरीजों का सफल उपचार किया जा सकता है। वरिष्ठ आयुर्वेद पंचकर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ गुप्ता ने गठिया, जोड़ो के दर्द, कमरदर्द, हृदय रोग, त्वचा रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, लीवर, गैस, कब्ज, नपुंसकता, गुप्त रोगों से संबधित मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। बीपी व शुगर की निशुल्क जांच की जा रही है। जबकि खून की जांच व अल्ट्रासाउंड में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।


दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन में पौधरोपण हुआ। अमृत विचार

### पौधरोपण की हुई शुरुआत

**कानपुर।** दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन जी ब्लॉक, गुजैनी में शुक्रवार को 'पौधरोपण' कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या ऊषा दीक्षित ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय वन अधिकारी आयुष त्रिपाठी मौजूद रहे। बताया गया कि दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन परिवार 7 जुलाई तक पर्यावरण के क्षेत्र मे लगातार कार्यक्रम करता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष केए दुबे 'पद्मेश, सचिव सिद्धार्थ दुबे, प्रधानाचार्या ऊषा दीक्षित, निदेशक एकता दुबे, अपर्णा दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।



जयपुरिया स्कूल में गौरव खन्ना का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### गौरव खन्ना ने साझा कीं यादें

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में समारोह आयोजित हुआ। समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र टेलीविजन के अभिनेता व मास्टर इंडिया विजेता गौरव खन्ना मौजूद रहे। इस दौरान उन्होने पुरानी यादें ताजा कीं। प्रधानाचार्य गणेश तिवारी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्र समन्वयक द्वारा संचालित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों को गौरव खन्ना से प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। जयपुरियन ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप महेंद्रा उप प्रधानाचार्य (वरिष्ठ वर्ग) एमके मिश्रा, उप प्रधानाचार्या (कनिष्ठ वर्ग) मधुश्री भौमिक, विद्यालय के महाप्रबंधक शैलेंद्र अग्निहोत्री सहित अन्य मौजूद रहे।

# निर्माण सामग्री की जांच और भुगतान में 10% होगी कटौती

## डीएम ने बारा में निर्माणाधीन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का देखा हाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- वर्कमैनशिप में कमी मिलने पर भुगतान में होगी कटौती
- जिलाधिकारी को मौके से जेई गायब मिले, स्पष्टीकरण तलब

**अमृत विचार।** बारा गांव में निर्माणाधीन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का शुक्रवार को जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर सामग्री की गुणवत्ता और निर्माण कौशल संतोषजनक न पाए जाने पर उन्होंने जांच के साथ ही भुगतान में 10 प्रतिशत कटौती करने के निर्देश दिए, साथ ही जेई के अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टकरण तलब करने को कहा।

जिलाधिकारी आलोक सिंह ने अकबरपुर क्षेत्र के बारा में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ की ओर से 85.42 लाख रुपये की लागत से मल्टी पर्पज हाल, क्लास रूम, लाइब्रेरी व बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता ने बताया कि अब तक लगभग 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।


बारा में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

डीएम ने विद्यालय की सतह नीचे होने को ध्यान में रखते हुए जलभराव की संभावनाओं पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि अब तक 18.24 लाख रुपये की धनराशि व्यय की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने गुणवत्ता जांची तो कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता व निर्माण कौशल संतोषजनक नहीं मिला। उन्होंने निर्माण सामग्री की अलग से जांच कराने और भुगतान में 10 प्रतिशत की कटौती करने के निर्देश दिए। डीएम ने भविष्य में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के समय संबंधित जूनियर इंजीनियर की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने रोष व्यक्त करते हुए संस्था से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी सत्यनारायण कटियार आदि उपस्थित रहे।

## तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**पुखरायां।** अमरौधा कस्बा निवासी एक महिला ने ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक व छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमरौधा निवासी मंतशा ने सीओ को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 16 अप्रैल 2024 को मूसानगर निवासी मन्नान कुरैशी उर्फ आमिर के साथ हुई थी। ससुराली दहेज में कार व दो लाख रुपये की मांग करने लगे। 28 जनवरी को पुत्री पैदा हुई। पुत्री बीमार हो गई, लेकिन ससुरालियों ने इलाज नहीं कराया और उसे मायके भेज दिया। 13 जून को पुत्री की मौत हो गई। जब वह ससुराल पहुंची तो एक जुलाई की रात ननदोई एजाज कुरैशी उसके कमरे में घुसा और अश्लीलता का प्रयास किया। जब उसने शिकायत की तो ससुरालियों ने उसे पीटा। शोरशराबा सुनकर पड़ोसी आ गए तो पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। सीओ संजय कुमार सिंह के निर्देश पर भोगनीपुर पुलिस ने पति मन्नान कुरैशी उर्फ आमिर, सास परवीन, मौसेरे भाई, देवर उमैर कुरैशी, ननद बुशरा, ननदोई एजाज कुरैशी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# बहन के घर से निकली महिला का ईट भट्ठे के पास लटका मिला शव

संवाददाता, पुखरायां

- अपने गांव काशीपुर जाने के लिए निकली थी महिला
- फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए

**अमृत विचार।** चौरा गांव के समीप ईंट भट्ठे के पास एक महिला का शव संदिग्ध हालात में साड़ी से फंदे पर लटकता मिला। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी वीरेंद्र ने बताया कि उसकी मां पानकुमारी (50) अपनी बहन राजकुमारी निवासी चौरा के घर में करीब चार दिन पूर्व आई थी। शुक्रवार की सुबह उसकी मां मौसी के घर से यह कह कर निकली थी कि वह घर जा रही हैं। इसके बाद उसे सूचना मिली कि मां पानकुमारी ने चौरा गांव के समीप ईंट भट्ठे के पास नीम के पेड़ पर साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी मां के गले में साड़ी का फंदा लगा है और साड़ी नीम के पेड़ की पेड़ी में बंधी है, जबकि उसकी मां नीचे पड़ी हुई थी। उसे मामला संदिग्ध लग रहा है। ऐसे कैसे फंदा लगाया जा सकता है। घटना की जानकारी पर पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्रित कराए।


घटनास्थल पर पहुंचीं गांव की महिलाएं। अमृत विचार


घटनास्थल पर साक्ष्य संकलित करती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

## एक नजर

### तार लगाते समय करंट लगने से किशोरी की मौत

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के सिसाही गांव में 15 वर्षीय पलक अपने घर के बाहर नल पर कपड़े धो रही थी। इसी दौरान वह मोटर का तार बोर्ड में लगाने लगी, तभी उसे करंट लग गया। परिजन उसे रसूलाबाद सीएचसी ले गए जहां डॉ. ब्रजेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजन शव घर ले गए। पिता रिक्शा चालक है। मां प्रिया बदहवास हो गई।

### सांप के डसने से महिला की मौत, वन विभाग ने पकड़ा

**पुखरायां।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के लंगड़ेपुर गांव निवासी श्रीकृष्ण ने बताया कि उसकी पत्नी कांति देवी (35) घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान एक काले सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर कानपुर हैलट भेज दिया गया, जहां कांति देवी की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की जानकारी पर श्रीकृष्ण के घर पहुंची वन विभाग की टीम ने काले सांप को पकड़ लिया।

### अकबरपुर में जिला स्तरीय समाधान दिवस आज

**कानपुर देहात।** एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को अकबरपुर तहसील के जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी आलोक सिंह समेत अन्य अधिकारी फरियादियों की शिकायतें सुनेंगे। इसी तरह तहसील भोगनीपुर में सीडीओ लक्ष्मी एन., डेरापुर में एडीएम प्रशासन, मैथा तहसील में एडीएम वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य 9 को आएंगी

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश राज्य राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी 9 जुलाई को जनपद में भ्रमण करेंगी। इस दौरान वह महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए चौपाल लगाएंगी और जनसुनवाई भी करेंगी।

# नकदी लेकर जा रहे गल्ला व्यापारी की बाइक में टक्कर मारी, पकड़े गए

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** अमरौधा के निकट सर्राफ से गुरुवार शाम हुई लूट का पुलिस अभी खुलासा नहीं कर पाई थी कि पुखरायां से नजदीक बढ़ौली मोड़ पर एक बाइक सवार गल्ला व्यापारी को दो बाइक पर आए तीन लोगों ने टक्कर मार कर दी। व्यापारी के शोर मचाने पर लोगों के पहुंचने पर बाइक सवार भाग निकले।

अकबरपुर के कालीगंज निवासी अतुल शुक्ला गल्ला व्यापीर है। वह पुखरायां सुखाई तालाब किसान का पैसा देने जा रहा था, तभी भोगनीपुर क्षेत्र के बढ़ौली मोड़ पर होटल के पास दो बाइकों से आए तीन लोगों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, लेकिन उसने अपने को बचा लिया। व्यापारी किसी तरह पुखरायां पहुंचा और किसानों को तीन लाख रुपये दिए। इसके बाद वह फिर घटनास्थल वापस आया तो वहां चार लोगों ने उसे घेर लिया। अतुल शुक्ला ने आरोपियों को पहचान कर शोर मचा दिया। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित समेत दो युवकों को देवीपुर चौकी ले गई। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम ध्रुव शुक्ला व दीपांशु शुक्ला उर्फ रेशु निवासी गदाईखेड़ा बताया। युवकों ने बताया कि वह पुखरायां बजाज फाइनेंस कंपनी की गाड़ी पकड़ने का काम करते हैं। बिना नंबर की बाइक देखकर उन्हें यह शक हो गया कि फाइनेंस वाली बाइक होगी, जिस पर उसे पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। लूट करने का कोई इरादा नहीं था। देर शाम तक अकबरपुर से व्यापार मंडल के नेता प्रशांत तोमर व कई अन्य पदाधिकारी पुलिस चौकी में डटे थे। भोगनीपुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।


पुलिस की हिरासत में दो आरोपी।


पीड़ित गल्ला व्यापारी अतुल।

# सर्राफ से सोना-चांदी लूट में कोई सुराग नहीं

**फॉलोअप**

संवाददाता, पुखरायां

- हमले के बाद लुटेरों ने आंखों में झोंक दिया था मिर्च पाउडर
- दो अज्ञात लुटेरों पर रिपोर्ट तलाश में जुटीं पुलिस टीमें

**अमृत विचार।** अमरौधा कस्बा के समीप गुरुवार देर शाम एक स्वर्णकार को बाइक सवार दो लुटेरों ने भारी वस्तु से सिर पर मारकर गिरा दिया था और आंखों में मिर्च पाउडर डालकर आभूषणों का बैग लूटकर भाग निकले थे। मामले में पुलिस ने दो अज्ञात के लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र अमरौधा कस्बे के टंडन बाजार निवासी सोमनाथ गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गुरुवार को पुखरायां में दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान अमरौधा कस्बे के समीप मदरसे के पास पहले से घात लगाए खड़े दो बाइक सवार लुटेरों ने उनके सिर में किसी भारी वस्तु ने हमला कर घायल कर दिया। इसी दौरान लुटेरों ने उनकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया और आभूषणों का बैग छीन लिया। उसके पास जो मोबाइल था, वह भी लुटेरे छीन कर फरार हो गए।

भोगनीपुर सीओ ने उसे पुखरायां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में एसपी अरविंद मिश्रा ने भी घटनास्थल पर जायजा लेने के साथ अस्पताल में घायल सोमनाथ से जानकारी ली थी। भोगनीपुर सीओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि दो अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीमें लुटेरों की तलाश कर रही हैं। जल्द ही खुलासा होगा।


पुखरायां में व्यापार मंडल ने बैठक कर खुलासे की मांग की। अमृत विचार

### व्यापार मंडल ने खुलासा करने की आवाज उठाई

- पुखरायां के स्वर्णकार की आंखों में मिर्च डालकर व सिर पर वार कर लूटपाट के मामले को लेकर व्यापार मंडल के प्रदेश सयुंक्त महामंत्री श्याम मोहन दुबे ने पुखरायां में बैठक कर घटना की निंदा की। उन्होने व्यापारी के इलाज के लिए नगर से बाहर होने के कारण फोन से बात की और मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने घटना के संबंध में एसपी से मिलकर शीघ्र खुलासा करने की मांग की बात कही। बैठक में पुखरायां अध्यक्ष अमित मिश्रा, सिकंदरा अध्यक्ष मोहम्मद कलाम, युवा पुखरायां अध्यक्ष दीपक यादव, अमरौधा अध्यक्ष सरवन गुप्ता, सोहेल अंसारी, मुकेश पांडेय, अर्पित द्विवेदी, शानू वर्मा, विवेक मिश्रा, प्रतीक अग्रवाल, मोहमद यासिर, बापू द्विवेदी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# घर से काम पर निकला फिर लटका मिला शव

संवाददाता, शिवली

- पांडु नदी के किनारे पेड़ पर गमछे से लगाया फंदा
- किसानों की सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की

**अमृत विचार।** कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले के बाहर पांडु नदी के पास खड़े कनकुड़िया के पेड़ में एक राजमिस्त्री का शव गमछे से फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के जुगराजपुर ज्योंती गांव का अरविंद कुमार (26) राजमिस्त्री का काम करता था। गुरुवार की सुबह काम करने के लिए घर से निकला था। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। शुक्रवार की सुबह शिवली कस्बे से बाहर पांडु नदी किनारे स्थित मनोज यादव के खेत की मेड़ पर खड़े कनकुड़िया के पेड़ से अंगोछे के सहारे अरविंद का शव फंदे पर लटकता मिला। आसपास के खेतों पर पहुंचे किसानों ने सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मृतक के चचेरे भाई विमल ने बताया कि अरविंद अपनी मां के साथ रहता था। उसका छोटा भाई दमन में प्राइवेट नौकरी करता है। कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई की फौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### शादी नहीं होने से परेशान था राजमिस्त्री युवक

- पुलिस के मुताबिक राजमिस्त्री अरविंद शराब के सेवन का लती था और इसी के चलते उसकी शादी नहीं हो रही थी। कस्बा प्रभारी ने बताया कि शादी न होने से अरविंद परेशान था। शव के पास देशी शराब का पौवा भी मिला है। घटना की जांच की जा रही है।

### बड़े भाई ने भी फंदा लगा कर आत्महत्या की थी

- फंदे में लटके मिले राजमिस्त्री अरविंद कुमार के बड़े भाई नीरज कुमार ने भी फंदे पर लटककर जान दे दी थी। ग्रामीणों में इस बात की चर्चा होती रही कि अब अरविंद ने फंदे पर लटककर जान दे दी। कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी ने भी बताया कि अरविंद का बड़ा भाई भी पहले फंदे पर लटककर जान दे चुका है।

## पति समेत सात लोगों पर उत्पीड़न का केस

**पुखरायां।** गौर गांव की महिला ने ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।

भोगनीपुर क्षेत्र के गौर गांव के राजेश की पुत्री शिवांगी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2 मार्च 2024 को रूरा क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग के रविंद्र पाल के साथ हुई थी। पिता ने दान दहेज दिया था, लेकिन ससुरालीजन एक लाख रुपये व भैंस की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। कमरे में बंद कर कई दिनों तक भूखा रखा जाता था। जेठ अश्लीलता करते और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते। ससुरालियों ने उसके जेवरात छीनकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति रविंद्र पाल, ससुर श्याम सिंह, सास रामवती, जेठ जितेंद्र, ननद नेहा व ननदोई राहुल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# साढ़ू की बेटी की हत्या में गया जेल

**सीधामऊ कांड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- आरोपी ने फावड़े से पत्नी और बेटियों किया था हमला
- पत्नी और पुत्री का अस्पताल में अभी चल रहा इलाज

**अमृत विचार।** सीधामऊ गांव में शराब के नशे में पत्नी, पुत्री व साढ़ू की बेटी के साथ आरोपी ने मारपीट कर दी। जिससे साढ़ू की बेटी की मौत हो गई थी। वहीं मारपीट में आरोपी समेत उसकी पत्नी व पुत्री घायल हो गए थे। पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं न्यायालय में पेश कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

कानपुर नगर के नई बस्ती नौबस्ता के रहने वाले अवध शुक्ला की शादी चौबेपुर थाना क्षेत्र के मरथानी गांव निवासी रेशमा पासवान के साथ करीब नौ वर्ष पहले हुई थी। अवध शुक्ला शराब पीने का आदी है। इसको लेकर परिवार में अक्सर कलह होती थी। इससे आजिज आकर रेशमा कुछ समय पहले अपने बच्चों को लेकर अपने जीजा अनिल पासवान के घर अकबरपुर क्षेत्र के सीधामऊ गांव आ गई थी। बुधवार की देर रात ऑटो से अवध शुक्ला सीधामऊ गांव पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। इसके बाद आरोपी ने पास में बैठी साढ़ू की करीब डेढ़ वर्षीय बेटी आरोही, पत्नी व अपनी बेटी पुष्पा पर फावड़ा से हमला कर दिया, जिससे आरोही को मौके पर मौत हो गई और पत्नी पुष्पा घायल हो गई थी। लोगों ने आरोपी की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सीओ सदर संजय वर्मा ने मौके पर जांच कर आरोपी सहित सभी घायलों को अस्पताल भेजा था। जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था। जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।


आरोपी अवध शुक्ला।

# नकली बीज-खाद बिक्री पर छापा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** किसान द्वारा नामचीन कंपनियों के पैकेट में नकली बीज, एक्सपायरी उर्वरक व मनमाने तरीके से बिक्री करने की शिकायत पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व जिला कृषि अधिकारी ने अकबरपुर की दुकान में छापेमारी की। उन्होंने मौके पर मिले बीज व उर्वरक की गुणवत्ता जांची। साथ ही कंपनियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर बीज का मिलान शुरू कराया है।

अकबरपुर के वार्ड नंबर 11 निवासी नितिन कुमार ने सीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि गांधीनगर वार्ड में मे. सफल इंटरप्राइजेज के नाम से तेजबहादुर कुशवाहा की खाद, बीज व कीटनाशक दवाओं की दुकान है। दुकान में नामी कंपनियों की पैकिंग में नकली धान, गेहूं, उर्द, मूंग, मक्का, लाही, ज्वार, बाजरा, तिली, अरहर आदि की पैकिंग कर किसानों को महंगे दामों पर बेचा जाता है, जिसका उसके पास वीडियो भी मौजूद है। इसी तरह खेतीबाड़ी में प्रयोग की जाने वाली एक्सपायरी दवाओं को कंपनियों से आधे से कम दामों में खरीदकर नए रेट व डेट प्रिंट कर बिक्री किया जाता है। जिससे कृषि भूमि व फसल को भी नुकसान पहुंचता है। वहीं इस कार्य में दुकानदार के दो पुत्र भी संलिप्त हैं। नितिन कुमार ने बताया कि उक्त कार्य कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मी की मिलीभगत है।


अकबरपुर की दुकान में बीज की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

- अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व जिला कृषि अधिकारी ने की जांच

शिकायत पर शुक्रवार को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सुरभि शर्मा व जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता जांच करने पहुंचे। उन्होंने दुकान में बीज, उर्वरक व कीटनाशकों की जांच-पड़ताल की। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कंपनियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर बीज आदि के नकली होने की जांच कराई जा रही है। खामी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**राहत संग आफत** — अकबरपुर नगर पंचायत में कई जगहों पर जलभराव, मौसम विभाग ने 9 जुलाई तक बारिश की जताई संभावना

# दोपहर तक उमस भरी गर्मी, शाम को झूमकर बरसे बदरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद में शुक्रवार की दोपहर तक उमस भरी गर्मी से बेहाल जनपदवासियों को शाम के समय जोरदार बारिश होने से काफी राहत मिली। वहीं तेज गरज के साथ जोरदार बारिश होने से बारिश ने नगर पंचायत की व्यवस्थाएं उजागर कर दीं और सड़कें व गलियां जलमग्न रहीं। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी। मौसम विभाग ने और बारिश की संभावना जताई है।

शुक्रवार सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद धूप निकल आई। जिसके चलते उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया। से शुरू हुई जोरदार बारिश रात भर रुक-रुककर होती रही। वहीं शाम को अचानक मौसम का मिजाज फिर से बदल गया और आसमान में बादल घिर आए। जिसके बाद देर शाम तक बारिश का सिलसिला जारी रहा।


शुक्रवार शाम बारिश के बाद खेत पर भर गया पानी। अमृत विचार


खेत की जोताई के साथ फसल बोने की तैयारी शुरू। अमृत विचार

बारिश से कलेक्ट्रेट परिसर, जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर, अकबरपुर अंडरपास, आंबेडकर नगर वार्ड में शुक्ल तालाब के पीछे बस्ती समेत कई जगहों पर लबालब पानी भर गया और लोगों को जलभराव से होकर आवागमन करने को मजबूर होना पड़ा। वहीं बारिश के पूर्व नगर पंचायत अकबरपुर द्वारा नाली-नाले सफाई के दावों की पोल खुल गई। शुक्ल तालाब के पीछे बस्ती का नाला चोक होने के कारण गली पानी से लबालब रही। जिससे घरों में जहरीले जीव-जंतु घुसने की संभावना से लोग सहमे नजर आए।

जोरदार बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण-पूर्वी हवाएं करीब तीन किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने आगामी नौ जुलाई तक तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ मध्यम से लेकर भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

### अकबरपुर में रुला रही बिजली की आंखमिचौली

जिले में कई दिनों से बारिश के चलते बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। गुरुवार की तरह शुक्रवार की शाम से लेकर रात तक अकबरपुर नगर में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। इसी तरह का हाल पूर्व के दिनों में भी रहा है। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि तेज हवा के साथ बारिश में फाल्ट होने से समस्या आ रही है। जानकारी पर कर्मियों को तत्काल भेजकर मरम्मत कराई जाती है।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से तीन बाइक सवारों की मौत

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हुए हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल, क्षतिग्रस्त वाहनों से लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार ट्रक की चेचिस अनियंत्रित होकर लोडर से टकरा गई। इससे वाहन सड़क में पलट गए। जिसकी चपेट में आकर अलग-अलग बाइक से जा रहे पांच लोग चपेट में आकर गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं डॉक्टरों ने दो घायलों को कानपुर रेफर किया गया। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवा कर यातयात सुचारू कराया।

सदर कोतवाली के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार शाम करीब 6 बजे शेखपुर नरी गांव के मोड़ के पास लखनऊ से कानपुर जा रही तेज रफ्तार ट्रक की चेचिस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे लोडर को टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे की चपेट में आकर अलग-अलग बाइकों से बंथर औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री से छुट्टी के बाद घर लौट रहे चार श्रमिक व एक महिला गंभीर घायल हो गई हादसे के बाद चीखपुकार मच गई। अन्य श्रमिकों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल की इमर्जेंसी भेजा। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद असोहा थाना क्षेत्र के सरवन गांव के मूल निवासी हाल पता मोहल्ला कासिम नगर सदर कोतवाली मो. असगर (26) पुत्र मो. शहीद व रमेश सोनकर (35) पुत्र कजरे निवासी ग्राम हुसैन नगर सदर कोतवाली को मृत घोषित कर दिया। वहीं रंजीत (26) पुत्र स्व. सज्जन निवासी मोहल्ला सिंगरोसी सदर कोतवाली की इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद सांसे थम गईं। वहीं हादसे में घायल में घायल सदर कोतवाली के पीडी नगर मोहल्ला निवासी बाबूराम (48) व गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर निवासी मोहिनी को गंभीर हालत में प्राथमिक इलाज के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। हादसे की खबर मिलते ही पहुंचे परिजन शव देख के बेहाल हो गए।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### हादसा होने के चलते हाईवे पर यातायात प्रभावित

हादसे में जान गवाने वाला रंजीत तीन भाइयों सुजीत, संजीत व विवाहित बहन सोनी से बड़ा था। पिता की मौत के बाद वहीं फैक्ट्री में मजदूरी कर परिवार पालता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बेटे की मौत से मां तारा बदहवाश नजर आई। वहीं रमेश की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर कर बुरा हाल है। हादसे की सूचना पर सीओ सिटी सोनम सिंह अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। उधर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के क्षतिग्रस्त होने से हाईवे पर जाम लग गया। कोतवाली प्रभारी फोर्स के साथ पहुंचे और हाइड्रा बुलाकर वाहनों को हटवाया तब जाकर यातायात शुरू हुआ। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी। फिलहाल शवों को मोर्चरी में रखवा कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


दुर्घटना के बाद हाईवे पर लगे जाम में फंसे राहगीर। अमृत विचार

# पति के अवैध संबंध के शक में पत्नी ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** असोहा थाना क्षेत्र के बजरंग खेड़ा में महिला का शव उसके घर में फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। जानकारी पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की बात सामने आई। वहीं महिला की मां ने आरोप लगाया कि दामाद के एक अन्य महिला से अवैध संबंध है। इसी को लेकर घर में अक्सर कहासुनी होती थी। इसी से ऊबकर बेटी ने आत्मघाती कदम उठाया।

**महिला की मां ने आरोप लगाया कि दामाद के थे अवैध संबंध**


सविता की फाइल फोटो।

असोहा थाना क्षेत्र के कांथा गांव के मजरा बजरंग खेड़ा गांव निवासी सविता (35) पत्नी राम गोपाल की गुरुवार को फोन पर पति से कहासुनी हुई। जिसके बाद ससुर सहित अन्य परिजन खेत में धान की बेड़ लगाने चले गए। तभी सविता घर के आंगन में पड़े जाल में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई। इससे उसकी मौत हो गई। चचेरे देवर ने उसे लटका देख परिजनों को सूचना दी। इसपर ससुर राम नरेश सहित अन्य परिजन पहुंचे और शव लटका देख उनके होश उड़ गए। ससुर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाया और मोर्चरी भेजा। घटना की सूचना पर अचलगंज थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासी मायका पक्ष पहुंचा और मां भीटाना ने बताया कि उसने बेटी की शादी रामगोपाल से करीब 14 साल पहले की थी। दामाद गुजरात के सूरत से साड़ी लाकर बेचता है। उसने आरोप लगाया कि दामाद का पिछले एक साल से गांव की एक महिला से अवैध संबंध है। इसकी जानकारी उसकी बेटी को हो गई थी और वह उसका विरोध करती थी। जिसको लेकर आए दिन पति-पत्नी में कहासुनी होती थी। इसी से सविता मानसिक तनाव में रहती थी। पति गुरुवार को सूरत में था। फोन पर कहासुनी के बाद बेटी ने आत्महत्या की है। सविता की मौत से उसकी बेटियां अनन्या व अंजली भी बेहाल है। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर टपरा गांव में गुरुवार देर शाम को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव गांव के पास खेत में खड़े जामुन के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। मृतक की पहचान 22 वर्षीय हरिश्चंद्र पुत्र हीरालाल के रूप में हुई है। वह गांव का ही रहने वाला था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हरिश्चंद्र ने अज्ञात कारणों के चलते पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। शाम करीब साढ़े सात बजे ग्रामीणों ने शव लटकता देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची गंगाघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों से लिये नमूने

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर में पहुंची। जहां नगर की कई दुकानों में जाकर पनीर के नमूने लिये और उन्हें जांच के लिये भेजा है। शुक्रवार दोपहर खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपासना शाह नगर पहुंची। जहां उन्होंने खाने-पीने की दुकानों में पहुंच कर सामग्री चेक की। जिसके बाद नगर के कई दुकानों से पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिये भेजे हैं। उन्होंने बताया कि जांच में यदि नमूने फेल पाये जाते हैं तो दुकानदार पर कार्यवाही की जायेगी। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी के आने की भनक पर कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर अधिकारी की टोह लेते दिखाई पड़े।

### तेज रफ्तार वाहन ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो घायल

**सफीपुर, उन्नाव :** हरदोई-उन्नाव मार्ग पर मेहंदीखेड़ा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव निवासी राजकुमार (30) पुत्र छेदीलाल व बउआ (40) पुत्र मोतीलाल ई-रिक्शा से सफीपुर कस्बा जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात ट्रक ने रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे वाहन पलट गया और दोनों युवक उसके नीचे दबकर घायल हो गए। राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने राजकुमार की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि बउआ का इलाज सीएचसी में जारी है।

### भूमि पर निर्माण कर रही युवती से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गंजमुरादाबाद, उन्नाव :** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के फतेहपुर खालसा गांव में बुधवार को अपनी भूमि पर नींव खुदाई कर रही एक दलित युवती से पड़ोसियों ने मारपीट की और जातिगत अपशब्द कहे। पीड़िता संजू पुत्री रामस्वरूप ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि नींव की खुदाई के दौरान पड़ोसी यूनुस पुत्र शमशुद्दीन, उसकी पत्नी और भाई यूसुफ लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और उसकी जमकर पिटाई की। आरोपियों ने युवती को बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और जातिसूचक गालियां दीं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बांगरमऊ, उन्नाव :** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली के अपराध निरीक्षक रामनारायण यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सहदानी निवासी फैजान पुत्र लतीफ, जो दुष्कर्म मामले में वांछित है, बांगरमऊ रेलवे स्टेशन के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ब्रेकडाउन से फीडर एक की पांच घंटे गुल रही बिजली

**शुक्लागंज, उन्नाव :** शुक्रवार को नगर की विद्युत आपूर्ति एक बार फिर लड़खड़ा गई। सुबह लगभग चार बजे फीडर एक में तकनीकी खराबी के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जो करीब पांच घंटे तक ठप रही। बिजली न होने से घरों में पानी की टंकियां खाली हो गईं और इनवर्टर भी जवाब दे गए। गर्मी और उमस के बीच लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ब्रेकडाउन की सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम ने फॉल्ट तलाशने के लिए पेट्रोलिंग की। फॉल्ट मिलने के बाद तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। सुबह करीब नौ बजे के बाद जाकर फीडर एक के तहत आने वाले दर्जनों मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

# भीड़ के बीच मारी गई गोली युवक के सीने में धंसी, तमाशबीन का फूटा सिर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक से घर जा रहा युवक रास्ते में रुक कर सिगरेट खरीदने लगा। इस बीच वहां कुछ और युवक पहुंचे। उन्होंने झगड़ा शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि उन्हीं युवकों ने सिगरेट खरीदने रुके युवक को गोली मार दी जो उसके सीने में जा धंसी। जबकि, झगड़े में तमाशबीन बने दूसरे युवक का सिर फूट गया। दोनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां गोली लगे युवक को लखनऊ रेफर कर दिया गया। कोतवाली देहात के खदरा रेलवे क्रासिंग के पास का रहने वाला 20 वर्षीय सामीन शुक्रवार की शाम बाइक से इटौली जा रहा था। रास्ते में महोलिया शिवपार काली मंदिर के पास रुक कर सिगरेट खरीदने लगा। सामीन की बहन रोशनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि इस बीच निर्भय प्रताप, मन्नू, तुषार, निहाल, पुरु, रजत, गब्बर और रिंकू वहां पहुंचकर झगड़ा करने लगे। विवाद में वहां 16 वर्षीय शिवा पुत्र गोविंद का सिर फूट गया। कोई कुछ समझता इस बीच मन्नू ने सामीन को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज से भगदड़ मच गई। सामीन को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां सीओ सिटी अंकित मिश्रा व एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी पहुंचे और मामले के बारे में पूछताछ की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


विवाद में घायल शिवा। अमृत विचार

# पत्नी से मजबूर होकर पति ने की थी आत्महत्या

**हरदोई/साण्डी, अमृत विचार।** शादी के कुछ दिन बाद पत्नी जेवर और 25 हजार लेकर मायके चली गई। पति ने उसे विदा कराने की तमाम कोशिश की लेकिन वह नहीं आई। इसी के चलते मजबूर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर मामला कोर्ट पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर दो साल बाद पत्नी, ससुर समेत पांच पर केस दर्ज किया गया।

सांडी थाने के आदमपुर की गुड्डी देवी ने कोर्ट में दाखिल की। उसी के चलते कोर्ट ने गवाह, सबूत और दलीलों की बिना पर केस दर्ज करने का आदेश दिया है। गुड्डी देवी ने बताया उसके बेटे कपिल की शादी बिलग्राम कोतवाली के बिरौरी निवासी रामशिव की पुत्री रक्षा से हुई थी। कुछ दिन तक रक्षा ठीक रही। इस बीच 20 अगस्त 2023 को सारा जेवर व 25 हज़ार रुपये लेकर मायके चली गई। उसके नहीं आने पर कपिल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कपिल की मां गुड्डी बेटे की मौत का ज़िम्मेदार बहू रक्षा व उसके मायके वालों को सज़ा दिलाने के लिए थाने के चक्कर लगाती रही लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बाद में उसने कोर्ट का सहारा लिया जहां से दो साल बाद आए फैसले से उसे न्याय मिला।

# राज्यपाल ने बच्चों और शिक्षकों को किया सम्मानित

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक के सनफरा प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने जिले से लेकर प्रदेश तक अपने करतव दिखाकर नाम रोशन किया है। राज्यपाल के बुलावे पर उप जिला अधिकारी सवायजपुर स्कूल के शिक्षकों और बच्चों को लेकर राजभवन पहुंचे थे जहां पर राज्यपाल ने एक-एक करके सभी बच्चों और शिक्षकों को सम्मानित किया है। ब्लाक सांडी की ग्राम पंचायत लमकन के मजरा सनफरा प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने एक माह पूर्व जनपद मुख्यालय आई राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के सामने भारतीय सेना की तरह पीटी कर अपना कर्तव दिखाया था जिस पर राजपाल ने सभी बच्चों की और शिक्षकों की जमकर प्रशंसा की थी इसके बाद स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चों को राजभवन बुलाया था उप जिलाधिकारी सवायजपुर संजय अग्रहरी स्कूल के सभी बच्चों को लेकर राजभवन पहुंचे गुरुवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सामने राजभवन में ही बच्चों ने पीटी कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया था इसके बाद राज्यपाल ने सभी बच्चों और स्कूल के शिक्षकों को एक-एक करके सम्मानित किया। इस मौके पर टीम लीडर नमन, आयुष, सूर्यांश, अभिषेक, रंजीत सहित स्कूल के टीम प्रशिक्षक रमेश कुमार प्रधानाध्यापक रसूल अहमद शिक्षक शेरपाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। शुक्रवार को सभी बच्चे अपने-अपने घर पहुंचे।


शिक्षक को सम्मानित करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

# धड़ल्ले से चल रहे फर्जी स्कूल

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** शासन के निर्देशों के बावजूद फर्जी स्कूल व कक्षाओं का संचालन धड़ल्ले से शुरू हो गया है। अभिभावकों से फीस, ड्रेस, कोर्स के नाम पर वसूली शुरू हो गई है लेकिन बीईओ ने स्पष्ट कह दिया है कि फर्जी कक्षाएं और फर्जी स्कूल संचालकों पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

बिना मान्यता फर्जी कक्षा संचालन न करने के संबंध में संचालकों से बीईओ कार्यालय पर शपथ पत्र जून में ही जमा कराए जा चुके हैं। फिर भी जिनकी मान्यता कक्षा पांच तक है, वह भी कक्षा 8 और 10 तक की कक्षाएं संचालित करने लगे हैं। उधर, सरकारी स्कूल में बच्चों की संख्या पर भी प्रभाव पड़ने से स्कूल मर्ज करने व बंद करने तक की नौबत आने लगी है। अभिभावकों को बड़ी-बड़ी बातें सुनाकर लुभाया जा रहा है। क्षेत्र में हर साल की तरह इस बार भी बिना मान्यता कक्षाएं सज गई हैं। कम पढ़े-लिखे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए खूब फर्जी बाते समझाई जा रही है। कम पढ़े-लिखे लोग इनकी सच्चाई जान नहीं पाते और आसानी से झांसे मे आ जाते हैं। ड्रेस कोर्स समेत तमाम प्रकार की फीस स्कूल से ही वसूली जा रही है। अतरौली में बिना मान्यता एक स्कूल केजी से हाईस्कूल तक कक्षाएं चला रहा। कक्षा पांच तक मान्यता होने के बावजूद उच्च कक्षाओं का संचालन करने वाले भारतीय आदर्श शिक्षण संस्थान अतरौली, सीताराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, उलरापुर, माँझ गाँव, सरस्वती ज्ञान मंदिर, अतरौली, परमाई लाल रामेश्वर शिक्षण संस्थान कंधरामऊ समेत तमाम स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से चिन्हित किए जा चुके हैं। भरावन के खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि बिना मान्यता कक्षा और स्कूल संचालन को चिन्हित कर लिया गया है और मामले की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराकर उनको बंद कराया जाएगा।

# दोषी को दे दी छूट, निर्दोष की फांस दी गर्दन

**हरदोई/टड़ियावां, अमृत विचार।** जिला पंचायत राज विभाग के जिम्मेदारों के कारनामें अक्सर सुर्खियों में आते रहते है,लेकिन इस बार उन्हीं ज़िम्मेदारों की बेतुकी कारगुज़ारी सामने आई है। दरअसल ग्राम पंचायत में सफाई की चौपट व्यवस्था की शिकायत पर महकमें के ज़िम्मेदार इतने सख्त हो गए कि उन्हे अपनी कलम की धार का अंदाज़ा नहीं लगा और दोषी सफाई कर्मी से चूं तक नहीं किया,उल्टे दूसरी ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी की गर्दन फांसते हुए उसी के खिलाफ आरोप-पत्र तैयार कर दिया।

मामला टड़ियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत निबुआई का है। वहां सफ़ाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मचारी की आईजीआरएस के जरिए शिकायत की गई। पंचायती राज महकमां तुरंत हरकत में आ गया,शिकायत की समीक्षा करते हुए दोषी सफाई कर्मी से चूं तक नहीं की गई,बल्कि दूसरी ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी जिसका कोई लेना-देना ही नही था,को दोषी बताते हुए उसके खिलाफ आरोप-पत्र तैयार कर दिया। कहानी कुछ यूं है कि,जिला पंचायत राज अधिकारी के जारी पत्रांक संख्या 971-47 स्था.2/ आरोप पत्र/ सफाई-आइजीआरएस/2025-26 में 28 जून को ग्राम पंचायत थोक खाला में तैनात सफाई कर्मी देशराज के खिलाफ जारी किया गया। जबकि ग्राम पंचायत निबुआई में तैनात सफाई कर्मी को छूट दे दी गई। पंचायत राज महकमें के इस अजीब-ओ-गरीब कारनामें से हर कोई दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर है। हालांकि इस बारे में महकमें के ज़िम्मेदारों की गलती बताई जा रही है।

> आरोपी सफाईकर्मी पहले निबुआई में तैनात था। इसी बीच उसका तबादला कर दिया गया। तबादले के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। अगर जानकारी में होता तो ऐसा नहीं होता। जिस सफाई कर्मी के खिलाफ आरोप-पत्र तैयार हुआ है वह अपनी बात कहे। उसकी पूरी बात सुनी जाएगी। **-विनय कुमार सिंह,** जिला पंचायत राज अधिकारी

### एडीओ पंचायत बने जिम्मेदार

सफाई कर्मी के खिलाफ आरोप-पत्र तैयार किए जाने के मामले में एडीओ पंचायत की लापरवाही सामने आ रही है। जैसा कि बताया गया है कि एडीओ पंचायत ने अपनी कलम से दोषी सफाई कर्मी का थोक खाला तबादला कर दिया था। लेकिन उस बारे में अपने अफसरों को गुमराह करते हुए उन्हें कोई जानकारी नहीं दी। जबकि उन्हें इस बाबत सूचना भेजनी चाहिए थी। उसी गलती से ऐसा होना बताया जा रहा है।

# पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करे सरकार

**हरदोई, अमृत विचार।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में शहर के एक लॉन" एनपीएस, पूपीएस, निजीकरण भारत छोड़ो तथा "प्रदेश में मर्ज/बंद हो रहे परिषदीप विद्यालय" विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार 'बन्धु ने कहा कि एनपीएस व यूपीएस दोनों पेंशन बाजार आधारित है तथा कर्मचारियों के लिए हानिकारक है। शिक्षक व कर्मचारियों का बुढापा सिर्फ पुरानी पेंशन व्यवस्था में ही सुरक्षित है। सरकार को एनपीएस, यूपीएस को बंद कर पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू कर देना चाहिए। उन्होंने प्रदेश में किए जा रहे परिषदीय विद्यालयों के मर्जर पर गम्भीर चिंता जताई और कहा कि विद्यालयों को बंद या एकदूसरे में मर्ज करना शिक्षा के अधिकार (कानून) का उल्लंघन है। इससे न सिर्फ शिक्षकों का अहित हो रहा वरन छात्र-छात्राओं को कई कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ना पड़ेगा। इससे नौनिहालो की एक बड़ी आवादी शिक्षा से वंचित रह जाएगी। मंच के प्रदेश महामंत्री नीरजपति त्रिपाठी जी ने कहा सरकार हर क्षेत्र व विभाग में निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। जिलाध्यक्ष डॉ जैनुल खान ने कहा हम पिछले 10 वर्ष से पेंशन की मांग कर रहे हैं। मंच का संचालन मीडिया प्रभारी राजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र विक्रम दिवाकर व विनीत मिश्र में किया। इस अवसर पर रामेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री सफाई संघ, मण्डलीय मंत्री एस राठौर, अवनीश कुमार अध्यक्ष सीतापुर, नरेन्द्र सिह जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद, इस मौके पर रुद्र प्रताप शुक्ला, गौरीयंकर प्रजापति, सीमा सुमन, आज़ाद यादव, राजेश कुमार सिंह रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु। अमृत विचार

# स्थापित होगा एनएसजी हब, पुख्ता होगी राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था

**तैयारी**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर व रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए अब यहां पर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) का हब बनाया जाएगा। अयोध्या सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत छावनी क्षेत्र में स्थित पशुपालन विभाग के कार्यालय के समीप आठ एकड़ भूमि पर इसका निर्माण होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने एनएसजी को उक्त भूमि का 99 साल का पट्टा देने की स्वीकृति दे दी है।

जनवरी 2024 में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। अब तक करीब 10 करोड़ श्रद्धालु यहां दर्शन पूजन कर चुके हैं। वहीं, आतंकी संगठनों द्वारा यहां लगातार आतंकी हमले की धमकी दी जा रही है। हालांकि अयोध्या में पूर्व से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। राम मंदिर की सुरक्षा के लिए आठ कंपनी यूपी एसएसएफ की तैनाती की गई है, जो कमांडो ट्रेनिंग से प्रशिक्षित हैं। इसके अलावा एटीएस, सीआरपीएफ, पीएसी बल की भी परिसर समेत अयोध्या में तैनाती है। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा यहां की सुरक्षा व्यवस्था की समय समय पर समीक्षा की जाती है। पूर्व में ही यहां पर एनएसजी तैनात करने की योजना बनाई गई थी। इसका प्रस्ताव जिला प्रशासन द्वारा भेजा गया था। अब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसकी अनुमति दे दी गई है।

## सार-संक्षेप

### सवायजपुर में डंपर की टक्कर से बच्चे की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पिता के साथ जा रहा उसका ढ़ाई साल का बेटा सड़क पर पहुंच गया,उसी बीच डंपर ने उसे टक्कर मार दी,जिससे वह ज़ख्मी हो गया,जिसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घर वाले उसका शव ले कर चले गए। बताया गया है कि बेहटा गोकुल निवासी अज़ीम शुक्रवार की शाम अपने फूफा तौहीद के साथ उसके घर मिर्ज़ापुर जा रहा था,साथ में अज़ीम का ढ़ाई साल का बेटा एजाज़ भी था,बताते है कि अज़ीम ने सवायजपुर में बाइक रोकी और कुछ खरीदने लगा,उसी बीच एजाज़ सड़क पर पहुंच गया,उसी बीच उधर से निकले डंपर ने उसे टक्कर मार दी,जिससे बच्चा बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। उसके बाद पिता अज़ीम अपने बेटे का शव ले कर घर चला गया।

### न्यायालय के आदेश पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी गुड्डी देवी के पुत्र कपिल की शादी 16 जून 2023 को हुई थी। 20 अगस्त 2023 को उसकी पत्नी घर से 25 हजार रुपये की नगदी और सोने के आभूषण लेकर मायके चली गई थी। काफी दिनों तक ससुराल न आने के बाद कपिल कई बार उसे लेने के लिए महिला के मायके गया था, लेकिन इसके बाद भी वह अपनी ससुराल नहीं आई, जिससे आहत होकर गुड्डी देवी के पुत्र कपिल ने 8 जुलाई 2024 को गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। मृतक की मां ने पत्नी सहित पांच लोगों पर आरोप लगाते हुए थाने पर शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर दो वर्ष बाद शुक्रवार की सुबह पुलिस ने बिलग्राम कोतवाली के बिरौरी गांव निवासी मृतक की पत्नी रक्षा, उसके पिता राम शिव सांडी निवासी धर्मपाल विशाल अरुण के विरुद्ध धारा 351 व108 के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राकेश यादव भी बताया कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बिलग्राम में दो पक्षों में मारपीट में दो महिलाएं घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नाऊ पुरवा गांव में बृहस्पतिवार की रात एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मकान के पास से निकले नाले का पानी घर में जाने लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों का प्रयोग किया, जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई। गुड्डी देवी (55) ने बताया कि उनके मकान में नाले का पानी जा रहा था। इस दौरान उनके पति मुन्नीलाल पड़ोसी से इस विषय पर बात कर रहे थे। इसी बीच दूसरे पक्ष के सुषपाल से कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में गुड्डी देवी के सिर में चोट आई। दूसरे पक्ष से सुषपाल की पत्नी कोमल (25) भी घायल हुई। दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों का डाक्टरी परीक्षण करवाया है।

### दहेज हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस

**हरदोई, अमृत विचार।** ससुराल में पुत्री की हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने की फरियाद पीड़ित पिता ने एसपी से की है। देहात कोतवाली के ग्राम नीर निवासी शिवराज सिंह पुत्र कुंवर ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी पुत्री की हत्या 27 जून ससुरालीजनों ने कम दहेज मिलने पर कर दी थी, जिसका मुकदमा दर्ज है, लेकिन पुलिस ने मृतका की सास को अभी तक गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी चंद्रभान, सूर्यभान, संजय सिंह तथा संधू को पुलिस ने अभी भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मुख्य आरोपी खुलेआम पीड़ित को धमकी देते हुए घूम रहे हैं।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से आरती स्थल निर्माण कार्य ठप

## अचानक बाढ़ का पानी भरने से निर्माण कार्य अनिश्चितकाल के लिए कर दिया स्थगित, प्रशासन की हालात पर हर पल नजर

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


निर्माणाधीन आरती स्थल के कार्य की जगह पहुंचा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शुक्लागंज में आनंद घाट के समीप बनारस की तर्ज पर आरती स्थल का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन गंगा का जलस्तर अचानक बढ़ने से निर्माण कार्यस्थल जलमग्न हो गया, जिससे निर्माण कार्य फिलहाल रोकना पड़ा है।

राज्य सरकार द्वारा 1 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित आरती स्थल 25 मीटर लंबा और 11 मीटर चौड़ा होगा। 6 मार्च को सदर विधायक ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया था। इसके बाद उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में लखनऊ की एक कार्यदायी संस्था ने 15 जून से पिलर पाइलिंग का कार्य शुरू किया। कार्यदायी संस्था ने प्रारंभिक चरण में तेजी से पाइलिंग का कार्य शुरू कराया, लेकिन जून के अंत से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता गया। गुरुवार से शुक्रवार तक जलस्तर में भारी वृद्धि हुई, जिससे निर्माण स्थल पूरी तरह जलमग्न हो गया। जलभराव को रोकने के लिए ठेकेदार द्वारा पर्यावरण घाट की दिशा से आने वाले पानी को रोकने हेतु नवीन पुल के नीचे मिट्टी व बालू की बोरियों से कच्चा बांध बनाने की कोशिश की गई, लेकिन लगभग 15 फीट गहराई तक पानी भर जाने के कारण काम करना असंभव हो गया। अब आनंद घाट के आगे तक पानी पहुंच चुका है और उसे हटाना भी मुमकिन नहीं लग रहा है। ऐसे में आरती स्थल का निर्माण कार्य अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर रखे हुए है।

**जलस्तर बना बाधाः** गंगा के बढ़ते जलस्तर ने निर्माण कार्य पर ब्रेक लगा दिया है। पाइलिंग कार्य के दौरान जलभराव इतना बढ़ गया कि पूरे स्थल में 15 फीट तक पानी भर गया, जिससे काम करना असंभव हो गया।

**बांध भी न बना सहाराः** पर्यावरण घाट की ओर से आने वाले पानी को रोकने के लिए नवीन पुल के नीचे बालू व मिट्टी की बोरियों से कच्चा बांध बनाया गया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण वह भी कारगर नहीं हो सका।

**पानी भरने से बढ़ा खतराः** नमामि गंगे घाट पर लोग स्नान करने पहुंचते हैं। कुछ तैराक आरती स्थल पर पहुंच सकते हैं, ऐसे में निर्माण में लगाई गई सरिया और अधिक गहराई में हुई खोदाई लोगों के लिये खतरा बन सकती है।

### आनंद घाट आरती स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे सहायक परियोजना प्रबंधक

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण आनंद घाट पर बनारस की तर्ज पर बन रहे आरती स्थल पर शुक्रवार को बाढ़ का पानी भर गया। स्थिति का जायजा लेने पहुंचे पर्यटन विभाग के सहायक परियोजना प्रबंधक राजीव डिमरी ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद जेई शिवांगी दीक्षित ने बताया कि जलभराव और सुरक्षा कारणों से आरती स्थल का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। परियोजना प्रबंधक ने निर्देश दिए कि स्थल के चारों ओर सुरक्षा के दृष्टिकोण से बल्लियां लगवाई जाएं, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव किया जा सके। बाढ़ के कारण निर्माण में बाधा आ गई है और जलस्तर सामान्य होने तक कार्य प्रारंभ नहीं किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन द्वारा स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।


आनंद घाट आरती स्थल का निरीक्षण करते सहायक परियोजना प्रबंधक।

### चौबीस घंटे में गंगा का जलस्तर 42 सेमी बढ़ा, तटवर्ती इलाकों में बढ़ी चिंता

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश का असर अब गंगा नदी के जलस्तर पर साफ दिखने लगा है। पश्चिम के बांधों से छोड़े जा रहे हजारों क्यूसेक पानी के चलते शुक्लागंज की ओर गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की धड़कनें तेज हो गई हैं। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार, बीते 24 घंटे के भीतर गंगा के जलस्तर में 42 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। गुरुवार शाम 5 बजे गंगा का जलस्तर 110 .290 मीटर था, जो शुक्रवार शाम 5 बजे तक बढ़कर 110 .710 मीटर पर पहुंच गया। हर घंटे करीब 2 सेंटीमीटर की रफ्तार से पानी बढ़ रहा है, जिससे तटीय इलाकों में रहने वालों को इस बार भी संभावित बाढ़ का खतरा सताने लगा है। वहीं पहाड़ी इलाकों के अन्य बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी की मात्रा को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार यदि यही रफ्तार बनी रही तो शनिवार को जलस्तर 111 मीटर के करीब पहुंच सकता है। जिसके बाद चेतावनी बिंदु 112 मीटर की ओर गंगा का जलस्तर रूख कर सकता है। वर्तमान समय में गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 1 मीटर 29 सेंटीमीटर दूर है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से गंगा नदी की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण नगर के घाटों तक पानी पहुंच गया है, कई महीनों से नमामि गंगे घाट से गंगा का पानी दूर था, लेकिन इधर घाट लबालब हो गया है। जिससे शाम के समय विहंगम नाजारा देखने को मिल रहा है।

## सार-संक्षेप

### समाधान दिवस का आयोजन आज

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 5 जुलाई को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में किया जायेगा। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बांगरमऊ में होगा। जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील हसनगंज में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील पुरवा में अपर जिलाधिकारी (विरा), तहसील बीघापुर में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसील सदर एवं सफीपुर में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

### छात्रावास हेतु ऑनलाइन करें आवेदन

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति (दो बालक एवं एक बालिका) छात्रावास बाईपास उन्नाव में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी एवं दूरस्थ निवासरत छात्र, छात्राओं (जिसमें 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं 30 प्रतिशत सामान्य व अन्य पिछडा वर्ग) हेतु छात्रावासों में शिक्षा सत्र 2025-26 में इच्छुक छात्र/छात्रायें प्रवेश हेतु स्वयं पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करें।

### डंपर फंसने से डेढ़ घंटे जाम, बच्चे और राहगीर परेशान


सहजनी क्रासिंग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह सहजनी रेलवे क्रासिंग के पास बारिश के चलते एक डंपर मिट्टी में फंस गया, जिससे करीब डेढ़ घंटे तक दोनों ओर लंबा जाम लग गया। घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे की है जब पीएनसी कंपनी का मिट्टी लदा डंपर क्रासिंग पार कर आगे बढ़ा ही था कि सड़क से उतरकर उसका पहिया दलदली मिट्टी में धंस गया। चालक ने काफी प्रयास किया लेकिन डंपर आगे नहीं बढ़ सका। देखते ही देखते दोनों ओर छोटे-बड़े वाहन फंस गए और जाम लगना शुरू हो गया। बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन बढ़ गई थी जिससे पैदल चलने वाले राहगीर और दोपहिया वाहन चालक भी गिरते रहे। स्थानीय लोगों की मदद से करीब डेढ़ घंटे बाद डंपर को किसी तरह हटाया गया, तब जाकर सुबह करीब आठ बजे यातायात सामान्य हो सका। इस दौरान स्कूल जाने वाले बच्चे समय पर नहीं पहुंच सके और ड्यूटी पर जाने वाले लोग भी परेशान दिखे। सड़क पर समय से मरम्मत और उचित निकासी न होने के कारण ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है, ताकि बरसात में आमजन को परेशानी न हो।

### जगन्नाथ जी का भंडारा, सहयोगियों का हुआ सम्मान

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** नगर में भगवान जगन्नाथ जी की 30वीं यात्रा के उपरांत स्थानीय कात्यायन गेस्ट हाउस में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। सदर विधायक पंकज गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, पूर्व पालिकाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता ने समिति पदाधिकारियों के साथ पूजन आरती के साथ भंडारे का शुभारंभ कराया। मुख्य सेवायत कृष्णाप्रिय मोती श्याम, अध्यक्ष राम प्रकाश चौरसिया, महामंत्री विजय गुप्ता ने सहयोगियों और अतिथियों को प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महिला मंडल अध्यक्ष निम्मी अरोरा, कोषाध्यक्ष निर्भय निगम, व्यवस्थापक राजेश दुबे व संजीव गुप्ता राजा, निर्भय सिंह, राजू गुप्ता, मनोज निगम, अजय गुप्ता, सचिन वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, साधना दीक्षित आदि का योगदान रहा। भंडारे के बीच श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण, भगवान बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन कर सुमधुर भजनों में आत्ममुग्ध होते दिखे।

### जागरूकता के लिए वैन की गई रवाना

**नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग और पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से मोबिउस फाउंडेशन के सहयोग से नवाबगंज ब्लॉक में चल रही उम्मीद परियोजना के अंतर्गत शुक्रवार को इतनी भी क्या जल्दी है? कैंपेन की मोबाइल वैन को सीएचसी से क्षेत्र में रवाना किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि यह जागरूकता अभियान विवाह की सही उम्र, पहले बच्चे में देरी, दो बच्चों में अंतर और आपातकालीन गर्भ निरोधक गोलियों के सही उपयोग को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। पीएफआई के जिला प्रतिनिधि अब्दुल फारूखी ने जानकारी दी कि यह वैन जुलाई से सितंबर तक तीन माह तक नवाबगंज ब्लॉक के 75 गांवों में जाएगी। वैन के साथ परामर्शदाता होंगे, जो ग्रामीणों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की जानकारी और सलाह देंगे। आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अखिलेश विक्रम, कपिल श्रीवास्तव, महेश साहू, गौरी गुप्ता, मलखान सिंह, संगीता, कामिनी कुशवाहा सहित कई स्वास्थ कर्मी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले चेयरमैन, योजनाओं की रखी मांग


मुख्यमंत्री से वार्ता करते चेयरमैन मिथलेश जायसवाल। अमृत विचार

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव, अमृत विचार :** नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के चेयरमैन मिथलेश जायसवाल ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर नगर की विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कस्बे में पेयजल व्यवस्था, मार्ग प्रकाश, जल निकासी, नाली निर्माण व पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों को शीघ्र कराने की मांग की। चेयरमैन ने बताया कि नगर की बुनियादी समस्याओं को दूर करने के लिए योजनाओं का शीघ्र अनुमोदन आवश्यक है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित और जिला मंत्री संदीप शुक्ला भी मौजूद रहे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** सेंट लॉरेंस स्कूल मे आयोजित तीन दिवसीय अंडर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम मैच का शुभारंभ सेंट लॉरेंस स्कूल के प्रधानाचार्य फादर अल्वीन मॉरिस व उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्रवाल द्वारा किया गया। प्रथम मैच जयपुरिया कानपुर वी व वीरेंद्र स्वरूप कैंट कानपुर स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें वीरेंद्र स्वरूप कैंट स्कूल ने जयपुरिया कानपुर पर 2-0 से जीत दर्ज की। जिसमें निहाल सिंह और कृषि द्वारा एक एक गोल किया गया। दूसरा मैच सैंट अलोयसियस कानपुर और मैथमेटिक्स हाई स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें सेंट अलोयसियस 2-0 के स्कोर के साथ विजयी रहा। सैंट अलोयसियस के मोहम्मद आबिद द्वारा दो गोल किए गए। मेथाडिस्ट हाई स्कूल द्वारा कोई स्कोर नहीं किया गया। तीसरा मैच सर सैयद पब्लिक स्कूल उन्नाव व यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें सैयद स्कूल के अनुभव द्वारा एक गोल किया गया। जिसमें यूनाइटेड पब्लिक स्कूल कोई गोल कर न सका। जिससे सर सैयद 1-0 से विजयी रहा। चौथा मैच सेंट लॉरेंस स्कूल उन्नाव और मेथाडिस्ट हाई स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें यशवंत सिंह द्वारा दो गोल और अधिक द्वारा एक गोल किया गया। जिसमें सेंट लॉरेंस स्कूल उन्नाव 3-0 से विजयी रहा। सेंट लॉरेंस स्कूल के शारीरिक शिक्षक कपिल पांडे द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता के अन्य मैच आज 5 जुलाई को खेले जाने हैं। आज प्रतियोगिता के दौरान उत्कर्ष बाजपेई, अभिषेक रावत शामिल रहे।

### अब सेफ्टी किट के साथ पोल पर चढ़ेंगे बिजली कर्मी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** बिजली फाल्ट दुरुस्त करते समय हादसों की आशंका को देखते हुए बिजली विभाग ने अब लाइन स्टाफ को सेफ्टी किट के बिना काम करने से रोक दिया है। शुक्रवार को गंगाघाट सबस्टेशन पर संविदा कर्मियों को सुरक्षा किट वितरित की गई। सेफ्टी किट में हेलमेट, दस्ताने, सुरक्षा जूते, जैकेट, हार्नेस और टेस्टर शामिल हैं। पूर्व में रजनीश कुमार पांडेय, पुत्तू और अमित सिंह जैसे कई लाइनमैन पोल से गिरकर घायल हो चुके हैं। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे सुरक्षा किट पहनकर ही मरम्मत कार्य करें। शुक्लागंज और गंगाघाट टाउन सबस्टेशन पर यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

## एक नजर

### चंपापुरवा में टॉवर के पास निकला अजगर, हड़कंप

**शुक्लागंज, उन्नाव :** शुक्रवार दोपहर चंपापुरवा ढाल स्थित टॉवर के नीचे एक विशालकाय अजगर निकलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। करीब दो बजे लोगों ने अजगर को रेंगते देखा, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। कुछ देर बाद अजगर पास ही एक गड्ढे में चला गया। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को नहीं दी। अजगर के निकलने से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना रहा।

### गैंग बनाकर अपराध करने वाले को दो साल की सजा

**उन्नाव :** गैंग बनाकर अवैध रूप से धन उगाही करने के आरोपी सूरज वर्मा को न्यायालय ने दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। गंगाघाट थाना क्षेत्र के अवधपुरी पोनी रोड निवासी सूरज वर्मा के खिलाफ 7 जून 2023 को गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी पर गैंग बनाकर लोगों को धमकाकर अवैध रूप से धन वसूलने का आरोप था। मुकदमे की विवेचना एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने की और पर्याप्त साक्ष्य एकत्र कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। शुक्रवार को न्यायाधीश निवेदिता अस्थाना की अदालत में अंतिम सुनवाई के बाद विशेष लोक अभियोजक विश्वास त्रिपाठी की दलीलों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया गया।

### मोहर्रम की सातवीं-आठवीं पर अकीदत से निकले जुलूस

**बांगरमऊ, उन्नाव :** मोहर्रम की सातवीं और आठवीं तारीख को नगर में अकीदत और एहतराम के साथ तख्त, छड़ और अलम के जुलूस निकाले गए। अंजुमनों ने मातमी धुनों पर कर्बला की शहादत को बयां किया, जिसमें हजारों अकीदतमंद शामिल हुए। सातवीं मोहर्रम को जुलूस मोहल्ला सराय से शुरू होकर दरगाह शरीफ होते हुए पुनः सराय पर समाप्त हुआ। शाम को दरगाह शरीफ और कस्बा टोला से तख्त के जुलूस निकले, जो रात में हटिया चौराहे पर मिलकर खत्रियाना पहुंचे, जहां पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा ने शीश नवाया। आठवीं मोहर्रम को दरगाह शरीफ और कस्बा टोला से भी जुलूस निकले।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

▶▶ बुर्का पहनकर कोर्ट में हाजिर होने की फिराक में था आरोपी

**अमृत विचारः** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म व हत्या के प्रयास करने के आरोपी युवक को पुलिस ने कचहरी के बाहर से दबोच लिया। उस पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था और वह बचने के लिए बुर्का पहन कर कोर्ट में हाजिर होने की फिराक में आया था।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती 27 जून को एक 8 वर्षीय दलित बालिका के साथ गांव के ही किराना दुकानदार नौशाद पुत्र मासूक अली ने अश्लील हरकत करते हुए अमानवीय कृत्य किया था। मामला प्रकाश में आने के बाद पीड़िता बालिका के घर सांत्वना व्यक्त करने जा रहे गांव के दो दलित युवकों को आरोपी ने अपने परिजनों साथ मिलकर रास्ते मे रोक लिया था और उन पर लाठी डंडों हमला कर घायल करने के साथ जान से मारने की नियत से फायर भी झोंका था। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर मामलों में उसकी तलाश शुरू की लेकिन आरोपी भाग निकला था। दलितों के साथ हुई घटना को ग्रामीणों में आक्रोश को देखते हुए गांव में पीएसी व पुलिस फोर्स तैनात किया था।


बुर्का पहने खड़ा आरोपी नौशाद।

एसपी दीपक भूकर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित कर एसओजी सहित पुलिस की चार टीमो को उसे दबोचने के लिए लगाया था। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी लेकिन नौशाद लगातार ठिकाने बदल कर पुलिस को चकमा देता रहा। इधर उसको शरण देने वाले उसके पारिवारिक सदस्य एवं 25 हजार का इनामियां रईस बेग को बुधवार को लखनऊ से एसओजी और पुलिस की टीम ने पकड़ लिया था। इससे नौशाद टूट गया और वह शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर करने के लिए छिपते छिपाते बुर्का पहन कर उन्नाव कचहरी पहुंचा, लेकिन पुलिस को उसके प्लान की खबर लग गई। जिसके बाद सफीपुर कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण ने दारोगा अनिल त्रिपाठी, अरविंद रघुवंशी व पुलिस फोर्स के साथ उसे कचहरी के गेट संख्या-3 के बाहर से दबोच लिया। सीओ मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि नौशाद को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गांव के बाहर खेत में कीटनाशक निगलकर युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** अचलगंज थाना क्षेत्र बंथर में खेत गए युवक ने कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर इसकी जानकारी होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।


रविशंकर की फाइल फोटो।

अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर गांव निवासी रविशंकर (30) पुत्र स्व. कामता चेन्नई में मजदूरी करता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। इधर करीब दो माह से अधिक समय से गांव रह रहा था। वह शराब का भी लती था। गुरुवार को वह गांव के बाहर अपने खेत में गया था। जहां उसने शराब के साथ कीटनाशक निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने और उल्टियां करते देख पड़ोसी खेतों में काम कर रहे लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसपर उसे सीएचसी लोहचा लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया लेकिन इसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया। वह पांच भाइयों बुद्धिलाल, कन्हैया, रोहित, मोहित में दूसरे नंबर पर था। छोटे भाई मोहित ने बताया कि रविशंकर मां से शराब पीने के लिए रुपए मांग रहा था। इंकार करने पर भाई ने जहर खा लिया। बेटे की मौत से मां कामती रो-रोकर कर बेहाल रही। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जहर खाने के चलते उसका विसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं एसओ राजेश पाठक ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# विधायक ने झंडी दिखाकर रवाना की स्कूल चलो अभियान रैली


स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाते विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार



रैली को हरी झंडी दिखाते विधायक बृजेश कुमार रावत। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और सभी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर पालिका गंगाघाट से स्कूल चलो अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी जगदीश श्रीवास्तव आदि रहे।

रैली में परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। रैली के दौरान अंकुर शुक्ला, अवनीश शुक्ला, वंदना चौहान, आनंद यादव, बृजेश, मनीष, महेन्द्र, नीरज, गुरफान अली, अंकित बाजपेई मौजूद रहे।

**स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन, औरास, उन्नावः** शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र औरास में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मोहान विधायक बृजेश कुमार रावत ने खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शुक्ला के साथ बीआरसी परिसर में पौधरोपण किया और रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सरस्वती ज्ञान मंदिर, जूनियर व प्राइमरी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने "आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे" जैसे नारे लगाकर शिक्षा का संदेश दिया। विधायक ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### सड़क हादसे के चार माह बाद मुकदमा दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव):** बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए युवक के मामले में चार माह बाद गंगाघाट कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र स्थित लवकुशपुरम निवासी अर्जुन सिंह की पत्नी फूलकुमारी ने शुक्रवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को उसके बेटे को सरैयां क्रासिंग के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था और वह तब से एक निजी अस्पताल में इलाजरत है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बैठक | 5000 से ज्यादा आबादी वाले गांव में गैर पारंपरिक ऊर्जा संयंत्रों की होगी स्थापना, 59 ग्राम किए गए चिह्नित

# सोलर सिस्टम लगाओ, अपना बिजली बिल घटाओ : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी कृति राज। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सीडीओ ने लोगों से उनके घरों में सोलर सिस्टम लगाने व अपना बिजली बिल घटाने की अपील की।

प्रभारी परियोजना अधिकारी, यूपी नेडा ने जनपद में इस योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया, संयंत्र स्थापना पर मिलने वाले शासन के अनुदान और अन्य सुविधाओं की जानकारी साझा की। योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक मॉडल सोलर गांव का चयन किया जाना है। इसके लिए ऐसे राजस्व ग्रामों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनकी जनसंख्या नवीनतम जनगणना के अनुसार 5000 से अधिक है। जनपद उन्नाव में ऐसे कुल 59 ग्राम चिह्नित किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि इन गांवों में अधिकतम जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। इसी क्रम में 08 एवं 15 जुलाई को इम्पैनल्ड फर्मों के माध्यम से कैम्प आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीणों को सोलर संयंत्र लगाने की प्रक्रिया, लाभ और तकनीकी सहायता की जानकारी दी जाएगी। बैठक में परियोजना निदेशक, डीआरडीए उन्नाव, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड, अग्रणी जिला प्रबंधक, यूपीनेडा के प्रतिनिधियों सहित जनपद की पंजीकृत फर्मों ने सहभागिता की।

### 15 दिन में निपटा दिए जाएंगे प्रमोशन के मामले

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) सुनील दत्त से मुलाकात कर शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की। संघ पदाधिकारियों ने प्रमोशन, एनपीएस और अन्य लंबित मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस पर डीआईओएस ने 15 दिनों के भीतर सभी प्रमोशन मामलों के निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मंगलवार से एनपीएस से जुड़ी समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठन की भी घोषणा की, जो विभिन्न मामलों की पड़ताल कर समाधान में सहयोग करेगी। डीआईओएस ने यह भी कहा कि वह स्वयं इन मामलों की जांच कर निगरानी करेंगे। इस दौरान शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवभान सिंह, जिला मंत्री दिनेश गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उमाशंकर तिवारी, सतीश चंद्र मिश्रा, हनुमंत सिंह, पंकज त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, तरुणेन्द्र वाजपेई सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।


जिला विद्यालय निरीक्षक से वार्ता करते संघ के पदाधिकारी।

